राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# क्रांति समय

सुरत गुजरात से प्रकाशित, मुंबई,उतरप्रदेश,बिहार,राजस्थान,मध्यप्रदेश,उतरांचल,उतराखंड,दिल्ली,हरियाणा में प्रसारित

क्रांति समय
SURESH MAURYA
(Chief Editor)
M. 98791 41480
Working. off.: STPI-SURAT, GUJARAT-395023 (Software Technology Park of India, Surat.
www.krantisamay.com
www.krantisamay.in
krantisamay@gmail.com

सुरत-गुजरात, संस्करण रविवार,12 जुलाई2020 वर्ष-3, अंक -166 पृष्ठ-04 मूल्य-01रुपये

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1



## जनसंख्या को नियंत्रित करके ही हम कर सकते है बेहतर कल की कल्पना: योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वस्थ समाज की स्थापना के लिए जनसंख्या स्थिरता को आवश्यक बताते हुए कहा कि जनसंख्या को नियंत्रित करके ही हम अपने बेहतर कल की कल्पना कर सकते है। योगी ने शनिवार को यहां अपने सरकारी आवास पर जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि जनसंख्या को नियंत्रित करके ही हम अपने बेहतर कल की कल्पना कर सकते है। जनसंख्या का स्थिरीकरण करके ही समाज की बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा किया जा सकता है। जनसंख्या वृद्धि जैसे महत्वपूर्ण विषय पर जनसामान्य को जागरूक किया जाना आवश्यक है। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाये जा रहे अभियान की सराहना करते हुए योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश की एक बड़ी जनसंख्या वाला राज्य है। लोगों को बेहतर सुविधाएं देने के उद्देश्य से जनसंख्या को नियंत्रित करना आवश्यक है। देश की तुलना में उत्तर प्रदेश की प्रजनन दर अधिक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सकल जनसंख्या घनत्व का प्रभाव मातृ एवं शिशु मृत्युदर से जुड़ा हुआ है।

### संक्षिप्त समाचार



## चीनी राखियों को चुनौती देने के लिए भाजपा सांसद बनवा रहे एक लाख स्वदेशी राखियां

**नेशनल डेस्क।** स्थानीय ग्राहकों में चीन से आयातित सामान के बहिष्कार की भावना बलवती होने का दावा करते हुए इंदौर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा सांसद शंकर लालवानी ने शनिवार को कहा कि वह रक्षाबंधन के त्योहार के मद्देनजर गैर सरकारी संगठनों से एक लाख स्वदेशी राखियां बनवा रहे हैं। लालवानी ने यहां संवाददाताओं को बताया, भारत को आत्मनिर्भर बनाने को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के बाद हम शहर के 22 गैर सरकारी संगठनों से जुड़ी महिलाओं की मदद से एक लाख स्वदेशी राखियां बनवा रहे हैं ताकि स्थानीय बाजार में चीन से आने वाली राखियों को चुनौती दी जा सके। उन्होंने कहा, अलग-अलग तरह के चीनी सामान के किफायती विकल्प तैयार करने में हालांकि स्वदेशी निर्माताओं को थोड़ा समय लगेगा। लेकिन स्थानीय ग्राहकों के मन में चीनी सामान के बहिष्कार की भावना मजबूत हो रही है। लालवानी ने बताया कि स्वदेशी राखियों को आम लोगों तक पहुंचाने के लिये शहर के अलग-अलग स्थानों पर बिक्री केंद्र खोले जायेंगे। इन राखियों को ऑनलाइन बेचने की भी योजना है। इस बिक्री से मिलने वाली रकम राखी बनाने वाले गैर सरकारी संगठनों को दी जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि गैर सरकारी संगठनों ने प्रधानमंत्री के सम्मान में विशेष राखी बनाई है। कुछ राखियां भारतीय सेना के उन 20 बहादुर जवानों को श्रद्धांजलि देने के लिए भी बनाई गई हैं जो पिछले महीने लद्दाख की गलवान घाटी में चीनी सैनिकों से संघर्ष करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे। इस बार रक्षाबंधन का त्योहार तीन अगस्त को मनाया जाएगा।

## एनजीटी ने जम्मू कश्मीर की वुलर झील में ठोस कचरा डालने को लेकर रिपोर्ट मांगी



**श्रीनगर ।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने जम्मू कश्मीर में प्राधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे वुलर झील में ठोस अपशिष्ट कथित तौर पर डाले जाने पर कार्रवाई रिपोर्ट दायर करें। सामाजिक कार्यकर्ता राजा मुजफ्फर भट द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए एनजीटी ने बुधवार को बारामूला जिले के कलेक्टर और जम्मू-कश्मीर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को एक तथ्यात्मक रिपोर्ट और एक कार्रवाई रिपोर्ट 15 अक्टूबर को सुनवाई की अगली तारीख तक दायर करने का निर्देश दिया। अधिकरण ने दो पृष्ठों के अपने आदेश में कहा, रोपों और संलग्न तस्वीरों के मद्देनजर, हम राज्य वेटलैंड अथॉरिटी के सदस्य सचिव, बारामूला के कलेक्टर और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से सुनवायी की अगली तारीख से पहले एक तथ्यात्मक और कार्रवाई रिपोर्ट जरूरी समझते हैं। भट ने कहा कि बारामूला जिले के सोपोर नगर में अपशिष्ट संग्रह स्थल नहीं होने से, वहां के नगरपालिका प्राधिकारियों ने ठोस कचरे को डालने के लिए निंगली टारजू के आसपास स्थित वुलर झील के पश्चिमी किनारे को चुना है। उन्होंने कहा, समझ नहीं आता कि सरकारी अधिकारी ऐसी गलतियाँ कैसे कर सकते हैं। उन्हें वेटलैंड संबंधी कानूनों की जानकारी होनी चाहिए।

राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर निशाना

# राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर साधा निशाना, कहा- पीएम केयर्स फंड की जानकारी क्यों नहीं देते ?



**नई दिल्ली।**

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने पीएम केयर्स फंड को लेकर मोदी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने एक खबर का लिंक शेयर करते हुए कहा कि पीएम उन लोगों के नाम का खुलासा करने से क्यों डरते हैं, जिन्होंने पीएम केयर्स फंड में दान दिया है? राहुल गांधी ने ट्वीट कर कहा कि पीएम उन लोगों के नाम का खुलासा करने से क्यों डरते हैं, जिन्होंने पीएमकेयर के लिए उन्हें पैसे दान किए? सभी जानते हैं कि चीनी कंपनियां , , और ने पैसा दिया था। वह विवरण क्यों साझा नहीं करते हैं? बता दें कि लोक लेखा समिति कोरोना वायरस को लेकर सरकार द्वारा उठाए कदमों और इस संकट से निपटने के लिए बनाए गए नए पीएम केयर्स फंड ने जांच करने के लिए बैठक हुई, लेकिन यह समिति आम सहमति बनाने में नाकाम रही, जिसके बाद अब जांच नहीं होगी। समिति बैठक में इस मामले में सभी सदस्यों की सर्वसम्मति बनाने में नाकाम रही। लोक लेखा समिति, सबसे अहम संसदीय समितियों में से एक है। यह ऑडिटर जनरल की ओर से पेश रिपोर्टों की जांच-पड़ताल करती है। पीएसी 2जी स्पेक्ट्रम जैसे अहम मामले की जांच कर चुकी है। लोक लेखा समिति के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने सदस्यों से देश के बारे में सोचने और अपनी अंतरात्मा से काम करने और इस महत्वपूर्ण विषय पर आम सहमति बनाने की अपील की थी। चौधरी लोकसभा में कांग्रेस के नेता हैं। सूत्रों के मुताबिक, पीएसी में बैठक में शामिल बीजेपी सदस्य स्पष्ट तौर पर कोरोना संकट के सरकारी प्रबंधन के जांच-पड़ताल के अधीर रंजन चौधरी के प्रस्ताव को रोक दिया। बैठक में पीएसी में शामिल बीजेपी के सभी सदस्य मौजूद थे। संसदीय समिति की बैठक में बीजेपी की अगुवाई कर रहे वरिष्ठ नेता भूपेंद्र यादव ने पीएम केयर्स फंड की जांच पड़ताल के प्रस्ताव को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि पीएम केयर्स की फंडिंग संसद द्वारा स्वीकृत नहीं है और इस वजह से लोक लेखा समिति इस मामले की जांच नहीं कर सकती है। इस फैसले के बाद, लोक लेखा समिति दुनिया के सबसे बड़े लॉकडाउन और कोरोनावायरस से निपटने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की जांच-पड़ताल और विश्लेषण नहीं कर पाएगी।

## केंद्रीय कैबिनेट में बदलाव में देरी के साथ नड्डा को मिल सकती है नई टीम

**नेशनल डेस्क।** जैसे कि कुछ समय पहले हमने आफ द रिकार्ड में चर्चा की थी कि भाजपा व आर.एस.एस. नेताओं की पी.एम.के साथ हुई बैठक में संगठनात्मक बदलाव को अंतिम रूप दिया गया है। इस दौरान निर्धारित हुआ कि केंद्रीय कैबिनेट में बदलाव कुछ समय बाद किया जाएगा। वहीं भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा को नई टीम किसी भी समय 15-16 जुलाई से पहले मिल सकती है। इस दौरान नड्डा ने जो चयन का प्रपोजल दिया है, उसको अंतिम रूप देने के लिए प्रधानमंत्री के पास फाइल पैंडिंग पड़ी है। इसमें ज्यादातर महासचिव की टीम में बदलाव हो सकता है। नड्डा 25 डिपार्टमैंट्स व मोर्चा में नए टैलेंट को स्थान देना चाहते हैं। वहीं डा.अनिल जैन हरियाणा इंचार्ज व मनोज सिन्हा पूर्व रेलवे मंत्री को दो नए महासचिव की जिम्मेदारी दी गई है। भूपेंद्र यादव व कैलाश विजयवर्गीय जो कि दो चुनावी राज्यों के प्रभारी हैं, को लेकर अभी संगठन में कोई भी बदलाव नहीं होने की उम्मीद है। युवा मोर्चा प्रमुख पूनम महाजन की जगह कोई युवा चेहरा सामने आ सकता है। विजय राहतकर महिला मोर्चा प्रमुख को भी नई जिम्मेदारी मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। वहीं मीडिया डिपार्टमैंट और आई.टी. सैल को नए प्रमुख मिलें, इसकी बहुत ज्यादा संभावना है। इसके लिए अनिल बुलानी को मीडिया डिपार्टमैंट की जिम्मेदारी कुछ वर्षों के लिए मिल सकती है।

## प्लाज्मा डोनेट करने वालों को केजरीवाल ने खुद किया फोन, कहा आप सबका शुक्रिया

**नई दिल्ली।**

कोरोना वायरस को लेकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा किए गए प्रयास अब रंग लाने लगे हैं। दिल्ली में कोरोना वायरस से स्वस्थ होने वाले मरीजों की संख्या 76 फीसदी से ऊपर पहुंच गई है। इस बीच मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल कोरोना वायरस संक्रमित मरीजों के इलाज में कारगर प्लाज्मा का दान करने वालों को लगातार प्रोत्साहित कर रहे हैं। इस कड़ी में उन्होंने प्लाज्मा दान करने वाले कुछ दानकर्ताओं को खुद फोन करके उनका शुक्रिया अदा किया। केजरीवाल की अपील का असर दिल्लीवासियों पर होने लगा है। पिछले कुछ दिनों में दिल्ली में प्लाज्मा डोनेट करने के लिए कई लोग आगे आए हैं। प्लाज्मा डोनेट करने वाले ऐसे ही कुछ लोगों से सीएम केजरीवाल ने फोन पर बात की और उनका शुक्रिया किया। आम आदमी पार्टी मुखिया और सीएम केजरीवाल ने खुद बताया है कि जब मैंने प्लाज्मा दान करने वालों की कहानी सुनी तो मुझे अपने दिल्लीवासियों पर गर्व हुआ। यही वजह है कि मैंने फोन कर उन्हें ऐसा नेक काम करने के लिए बधाई दी। केजरीवाल ने दो प्लाज्मा दानकर्ताओं सृष्टि और भूमिका से बातचीत का पूरा ऑडियो भी शेयर किया है। अरविंद केजरीवाल के फोन करने पर सृष्टि ने बताया कि वह पांच दिन पहले ही कोरोना वायरस संक्रमण के खिलाफ जंग जीतकर लौटी हैं। इसके बाद एक-दो दिन के भीतर उन्होंने प्लाज्मा दान कर दिया। सृष्टि ने प्लाज्मा दान करने के बाद किसी तरह की कमजोरी होने से भी इनकार किया है। अरविंद केजरीवाल साफ तौर पर कह चुके हैं कि अगर आप लोग प्लाज्मा दान नही करेंगे तो बैंक कैसे चलेगा। उन्होंने कहा की दूसरों की जान बचाने के लिए जिंदगी में बहुत कम लोगों को मौके मिलते हैं। आपके प्लाज्मा दान करने से दूसरे लोगों प्लाज्मा दान करने से दूसरे लोगों प्लाज्मा दान करने से दूसरे लोगों की जान बच सकती है। उधर, प्लाज्मा दान करने वालों की कमी को देखते हुए दिल्ली सरकार ने आदेश जारी किया है। जिसमें अस्पतालों से प्लाज्मा दान करने वालों को भेजने के लिए कहा गया है। गौरतलब है कि दिल्ली में कोरोना वायरस संक्रमण के मामले एक लाख को पार कर चुके हैं, लेकिन ठीक होने वालों की संख्या 76 फीसद से अधिक हो चुकी है।

## डब्ल्यूएचओ चीफ ने मुंबई के धारावी का उदाहरण देकर कहा- तेजी से कार्यवाही कर संक्रमण को नियंत्रित करना संभव है

**जेनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के चीफ टेड्रोस एडनॉम गेब्रेयेसस का कहना है कि कोरोनावायरस को कंट्रोल करना अब भी संभव है। उन्होंने इटली, स्पेन, दक्षिण कोरिया और मुंबई के धारावी का उदाहरण देते हुए कहा कि इन जगहों पर स्थिति काफी खराब थी, लेकिन तेजी से कार्यवाही करने से कंट्रोल हो गई। डब्ल्यूएचओ चीफ का कहना है कि कम्युनिटी एंगेजमेंट, टेस्टिंग, ट्रेसिंग, आइसोलेटिंग और सभी बीमारों के इलाज पर फोकस कर कोरोना की चेन को तोड़ना और संक्रमण को खत्म करना संभव है। हर देश की कुछ लिमिट हैं। जहां पाबंदियां हट रही हैं, वहां संक्रमण के केस बढ़ रहे हैं। ऐसे में सभी लोग एकजुटता और तेजी दिखाएं तो फायदा हो सकता है। दूसरी तरफ डब्ल्यूएचओ के इमरजेंसी प्रोग्राम के हेड डॉ. माइक रेयान का कहना है कि मौजूदा हालात में कोरोनावायरस को पूरी तरह खत्म करना मुश्किल लग रहा है। हालांकि, भीड़ वाले इलाकों में संक्रमण को रोककर कोरोना की दूसरी लहर के सबसे खराब दौर और फिर से लॉकडाउन जैसी स्थिति से बचा जा सकता है। दुनिया के 196 देशों में दिसंबर 2019 से अब तक कोरोना के 1.26 करोड़ केस आ चुके। अब तक 5.59 लाख लोगों की मौत हो चुकी। भारत में 8.21 लाख केस आए और 22 हजार लोगों की मौत हो गई।

## गिलियड का दावा- रेमडेसिवीर से कोरोना मरीजों के ठीक होने का आंकड़ा बढ़ा

**नई दिल्ली।** गिलियड साइंसेज ने शुक्रवार को कहा कि एक लेट-स्टेज अध्ययन के अतिरिक्त आंकड़ों से पता चला है कि इसके एंटीवायरल रेमडेसिवीर ने क्लिनिकल रिकवरी में काफी सुधार किया है और कोरोना वायरस से संक्रमित रोगियों में मृत्यु का जोखिम भी कम हुआ है। कंपनी की ओर से कहा गया कि संभावित क्लिनिकल ट्रायल्स में इस खोज की पुष्टि की आवश्यकता है। गिलियड ने कहा कि एक लेट-स्टेज चरण के अध्ययन में इलाज कराने वाले 312 मरीजों के डेटा का विश्लेषण किया और अध्ययन में उसी तरह की विशेषताओं और रोग की गंभीरता के साथ 818 मरीजों की अलग तरह से परीक्षण किया गया। कंपनी ने कहा कि इसके लेट-स्टेज अध्ययन के विश्लेषण से पता चला कि रेमडेसिवीर से उपचार किए जा रहे 74.4त्न मरीज 14 दिनों में ठीक हो गए, जबकि आमतौर पर यह दर 59.0 फीसदी रहा था। विश्लेषण में रेमडेसिवीर के साथ इलाज किए गए मरीजों की मृत्यु दर 14दिन में 7.6 फीसदी रही, जबकि रेमडेसिवीर के बिना इलाज किए जा रहे रोगियों में मृत्यु की दर 12.5 फीसदी थी। दिन में 7.6 फीसदी रही, जबकि रेमडेसिवीर के बिना इलाज किए जा रहे रोगियों में मृत्यु की दर 12.5 फीसदी थी। कोरोना संकट के दौर में गिलियड कंपनी के शेयर में उछाल देखा जा रहा है और 2 फीसदी की वृद्धि के साथ 76.14 प्रति डॉलर हो गया।

## ममता ने विश्वविद्यालयों की परीक्षाएं रद्द करने की मांग की; देश में अब तक 6.30 लाख केस

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना संक्रमितों की संख्या 8 लाख 30 हजार 763 हो गई है। यह आंकड़े के मुताबिक हैं। इस बीच, पंजाब के बाद अब पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी विश्वविद्यालयों में प्रस्तावित परीक्षाओं को रद्द करने की मांग कर दी है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर कहा, इस कठिन समय में परीक्षाएं कराना सुरक्षित नहीं होगा। छात्रों, शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों के हित में परीक्षा रद्द कर देनी चाहिए। छात्रों को आतंरिक मूल्यांकन के आधार पर नंबर देकर प्रमोट कर देना चाहिए। उधर, उत्तर प्रदेश में तीन दिनों का लॉकडाउन पहले ही दिन फेल नजर आया। कई शहरों में लोग बाहर घूमते नजर आए। पुलिस ने बड़ी संख्या में गाड़ियों का चालान भी किया। दिल्ली की सभी यूनिवर्सिटी की आगामी परीक्षाएं नहीं होंगी। डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने कहा, राज्य सरकार ने फैसला लिया है कि दिल्ली की सभी यूनिवर्सिटी के एग्जाम नहीं होंगे। इनमें सभी आगामी सेमेस्टर और टर्मिनल (फाइनल) एग्जाम भी शामिल होंगे। सभी यूनिवर्सिटी से कहा गया है कि बिना लिखित परीक्षाएं कराए, छात्रों को पुरानी परीक्षाओं के आधार पर या पुराने सेमेस्टर के आधार पर या अन्य मूल्यांकन के आधार पर प्रमोट करें।

## गहलोत का आरोप- राजस्थान में सरकार तोड़ने के लिए करोड़ों का ऑफर दे रही भाजपा



**नेशनल डेस्क।**

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी के लोग उनकी सरकार को गिराने का षड्यंत्र रच रहे हैं लेकिन उनकी सरकार स्थिर है, स्थिर रहेगी और पांच साल चलेगी। गहलोत ने कहा कि कोरोना वायरस संक्रमण के वक्त में भाजपा के नेताओं ने मानवता व इंसानियत को ताक पर रख दिया है ... ये लोग सरकार गिराने में लगे हैं। संवाददाताओं से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि ये भाजपा नेता सरकार कैसे गिरे, किस प्रकार से तोड़-फोड़ करें ... खरीद फरोख्त कैसे करें ... इन तमाम काम में लगे हैं। उन्होंने बताया कि विधायकों को अपनी निष्ठा बदलने के लिए 10 से 15 करोड़ रुपये तक की पेशकश की जा रही है। गहलोत ने इस बारे भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां, नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया व उप नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ का नाम लेते हुए कहा कि सरकार को गिराने के लिए ये लोग अपने केंद्रीय नेताओं के इशारे पर जिस तरह का खेल खेल रहे हैं वे तमाम बातें जनता के सामने आ चुकी हैं। इसके साथ ही गहलोत ने कहा कि राजस्थान में सरकार स्थिर है, स्थिर रहेगी और पांच साल चलेगी। उन्होंने कहा कि हमने तो अगला चुनाव जीतने की तैयारी भी शुरू कर दी है इसी हिसाब से बजट पेश किया गया और इसी के अनुरूप शासन दिया जा रहा है।

## बीएटी की मदद से भारत में घुसपैठ कर सकते हैं आतंकी, खुफिया जानकारी के बाद अलर्ट पर सेना

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान पर तैनात भारतीय सुरक्षाबलों को अलर्ट पर रखा गया है। खुफिया एजेंसियों से मिली जानकारी के मुताबिक, पाकिस्तान से कई आतंकी जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ की फिराक में हैं। इंटेलिजेंस की रिपोर्ट के अनुसार, भीम्बर गली और नौशेरा सेक्टर्स में आतंकियों की मौजूदगी हो सकती है और ये पाकिस्तान की बॉर्डर एक्शन टीम की मदद से देश में घुसपैठ कर सकते हैं। समाचार एजेंसी एएनआई को खुफिया सूत्रों ने बताया कि सुरक्षाबलों और बीएसएफ के साथ जानकारी साझा की गई है ताकि वे इन इलाकों में होने वाली गतिविधियों पर नजर रख पाएं और सतर्क रहे। सुरक्षाबलों को अंदेशा है कि पाकिस्तानी सेना के बैट की मदद से आतंकी जल्दी ही कुछ हमलों की अंजाम दे सकते हैं।बता दें कि पाकिस्तान की बैट टीम के लोग काफी प्रशिक्षित होते हैं और इसमें उसकी सेना के कमांडो के अलावा जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा जैसे विभिन्न आतंकी संगठनों से जुड़े आतंकवादी भी शामिल होते हैं। बीएसएफ के एक सीनियर अधिकारी ने एएनआई को बताया, पिछले कुछ हफ्तों में ऐसी कोई रिपोर्ट नहीं थी लेकिन कुछ घंटे पहले यह रिपोर्ट मिलने के बाद सुरक्षाबलों को अलर्ट किया गया है, खासकर घाटी के दो सेक्टरों में। पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है और रात के समय अतिरिक्त बलों की तैनाती की जाएगी। पाकिस्तान की तरफ से किसी भी दुस्साहस का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया, इस मौसम में भारत में घुसपैठ में बैट टीम आतंकियों की मदद करती है। कई जगहों पर आतंकियों को प्रशिक्षण देने के बाद बैट और पाकिस्तान की अन्य एजेंसियों की तरफ से इन्हें सीमा के पास भेजा जाता है। जब घुसपैट की इनकी कोशिशें विफल हो जाती हैं तो बैट की तरफ से इन आतंकियों के साथ हमला किया जाता है कई जगहों पर आतंकियों को प्रशिक्षण देने के बाद बैट और पाकिस्तान की अन्य एजेंसियों की तरफ से इन्हें सीमा के पास भेजा जाता है। जब घुसपैट की इनकी कोशिशें विफल हो जाती हैं तो बैट की तरफ से इन आतंकियों के साथ हमला किया जाता है कई जगहों पर आतंकियों को प्रशिक्षण देने के बाद बैट और पाकिस्तान की अन्य एजेंसियों की तरफ से इन्हें सीमा के पास भेजा जाता है। जब घुसपैट की इनकी कोशिशें विफल हो जाती हैं तो बैट की तरफ से इन आतंकियों के साथ हमला किया जाता है ताकि सीमा पर इन्हें घुसपैठ कराया जाए। पिछले हफ्ते भारतीय सेना ने जम्मू कश्मीर पुलिस की तरफ से इंटेलिजेंस रिपोर्ट के आधार पर संयुक्त ऑपरेशन में जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले के भीम्बर गली सेक्टर में एक आतंकी को नियंत्रण रेखा के पास कोरी इलाके में मार गिराया था।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

## संपादकीय

### लॉकडाउन की वापसी

तेजी से फैलते कोरोना वायरस के मद्देनजर जो राज्य सरकारें फिर लॉकडाउन लगाने के लिए विवश हो रही हैं, उनकी मजबूरियों और जरूरतों, दोनों को समझा जा सकता है। शुक्रवार रात से सोमवार सुबह तक उत्तर प्रदेश में पूर्ण रूप से जो लॉकडाउन लगाया गया है, उसके महत्व को समझना कठिन नहीं है। यही वे दिन होते हैं, जब लोग घरों से बाहर निकलकर कहीं न कहीं, किसी न किसी मकसद से भीड़ लगाते हैं। कोरोना के समय भीड़ सबसे बड़ा खतरा है। भीड़, अनजान व संदिग्ध लोगों से बचकर ही हम कोरोना से अपनी हिफाजत कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश की बात करें, तो बलिया में 21 जुलाई तक के लिए संपूर्ण लॉकडाउन लगा दिया गया है। सभी दफ्तर, प्रतिष्ठान, बाजार बंद कर दिए गए हैं और लोगों को घरों में रहने के लिए फिर पूरी कड़ाई से कहा जा रहा है। कहना न होगा कि कुछ राज्यों में शारीरिक दूरी बनाए रखने और मास्क न पहनने के लिए जो सजा तय की गई थी, उसका कोई बहुत प्रभाव जमीन पर दिखाई नहीं पड़ा है। लोग अभी भी उतने सावधान नहीं हैं कि अपने को सुरक्षित रख सकें। भारत में कोरोना वायरस के मामले आठ लाख के करीब पहुंच चुके हैं और मरने वालों की संख्या 22 हजार पार कर जाएगी। ऐसे में, जिन राज्यों में कोरोना का संक्रमण तेज हो रहा है, वहां चिंता वाजिब है। राजधानी पटना सहित बिहार के 10 जिलों में पूर्ण तालाबंदी शुरू हो रही है। कोलकाता सहित पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में, मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों में और असम में तालाबंदी का नया दौर शुरू हो गया है। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु, केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम, और असम की राजधानी गुवाहाटी में तालाबंदी चिंता दर्शा रही है। पुणे में भी दस दिनों के लिए तालाबंदी लागू होने वाली है। महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के अनेक क्षेत्रों में फिर कड़ाई की वापसी हो गई है। बेशक, केंद्र सरकार ने अनलॉक 2.0 के दिशा-निर्देश जारी किए थे, पर राज्य सरकारों को स्थानीय स्थिति के आधार पर फैसला लेना पड़ रहा है और यह कहीं से गलत नहीं है। देश के एक बड़े हिस्से में फिर वीरानी लौट आई है, तो हमें पहले से ज्यादा सतर्क हो जाना चाहिए। यह बार-बार कहा गया है कि हमारी सावधानी से ही हमें रोजमर्रा की स्वतंत्रता या अनलॉक होने की सुविधा हासिल हो सकती है। दुर्भाग्य या बड़ी खामी है कि जरूरी सावधानियां न बरतते हुए लोगों ने अपने यहां लॉकडाउन की वापसी करा ली है। अब जहां लोगों को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए कि उन्होंने अनलॉक होते समय में क्या किया, वहीं सरकारों को भी छूट रही खामियों-कमियों पर नए सिरे से सोचना होगा। हम पूर्ण लॉकडाउन की स्थिति में फिर नहीं जा सकते, क्योंकि अब जो आर्थिक-सामाजिक नुकसान होगा, उसकी भरपाई बहुत मुश्किल होती जाएगी। जो लोग या जो मजदूर काम पर लौट आए हैं, उनका क्या होगा? जो परियोजना या उद्यम फिर जोर पकड़ रहे हैं, उनको आगे बढ़ने की ताकत कैसे मिलेगी? क्या फिर लॉकडाउन और उसके परिणामों से दो-दो हाथ करने के लिए देश तैयार है? हम यह देख चुके हैं कि भारत में जरूरतमंद लोगों को ज्यादा बैठाकर नहीं रखा जा सकता। उन्हें तमाम सावधानियों के साथ काम पर लगाए रखना होगा, ताकि उनकी जिंदगी व देश की अर्थव्यवस्था की रफ्तार और बाधित न हो। हमें पीड़ित समाज नहीं, सचेत समाज चाहिए।



## आज के ट्वीट

### जांच

**सुब्रमण्यम स्वामी ने अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की हत्या में सीबीआई जांच की मांग की है । उन्होंने सुशांत की हत्या मामले में सलमान खान, शाहरुख खान और आमिर खान की चुप्पी पर सवाल उठाया है और उनकी देश और विदेशो में मौजूद संपत्ति की जांच करने की मांग की है।-- अर्णव गोस्वामी**

# खूब भा रही साइकिल की सवारी

**कोरोना काल: कुसुम चोपड़ा**



कोरोना काल से पहले तक साइकिल को अमूमन गरीब तबके की सवारी के तौर पर देखा जाता था। लग्ज़री गाड़ियों में बड़ी शान से सवार लोग पास से निकलते साइकिल सवार को दया भरी नजरों से तो देखते ही थे, खुद के पास शानदार गाड़ी होने का दंभ भरते हुए दुनिया का सबसे खुशकिस्मत इंसान समझते थे। लेकिन, कोरोना वायरस ने बहुत ही कम समय में इंसान के इस दंभ को न सिर्फ मिट्टी में मिला दिया, बल्कि ये भी समझा दिया कि ये शानदार महंगी गाड़ियां, साइकिल के सामने रत्तीभर की भी नहीं हैं। कोरोना के इस युग में आज जब जिम, स्पा, स्वीमिंग पूल, योगा और फिटनेस सेंटर सब बंद हैं तो लोगों को इस समय साइकिल की सवारी खूब भा रही है। शरीर को तंदुरुस्त रखने के लिए लोग जमकर इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। वैज्ञानिक जिस तरह से कोरोना के लंबे समय तक हमारे बीच रहने का दावा कर रहे हैं, उसे देखते हुए तो यही लग रहा है कि लोग जल्दी से फिटनेस सेंटरों का रुख नहीं करने वाले। ऐसे में साइकिल ही शारीरिक फिटनेस बनाए रखने का सबसे सटीक और मजबूत विकल्प दिखाई दे रही है। शायद इसी वजह से अचानक पिछले कुछ दिनों से साइकिल की मांग में भारी इजाफा हुआ है। लगातार बढ़ती मांग को देखकर खुद साइकिल कंपनियां भी हैरान हैं। अचानक साइकिल की बिक्री में लगभग 50 फीसदी तक का उछाल आया है। ऑल इंडिया साइकिल मैनुफेक्चर्स का तो यहां तक कहना है कि जिस तेजी से साइकिल की मांग बढ़ रही है, आने वाले समय में मांग और आपूर्ति में और भी ज्यादा अंतर देखने को मिल सकता है। हालांकि, लोगों में साइकिल के प्रति बढ़ती दिलचस्पी को देखकर कंपनियों ने पूरी तरह से कमर कस ली है और साइकिल को और भी अत्याधुनिक और सुविधा से भरपूर बनाने में जुट गई हैं। जितनी आधुनिक और सुविधाओं से लैस साइकिल, उतनी ही ज्यादा कीमत। 4000 से लेकर 50,000 रुपये तक की कीमत की साइकिलें आज बाजार में मौजूद हैं। एक जमाना था, जब किसी के पास साइकिल होती थी तो वह संपन्न व्यक्ति माना जाता था। अपने हर जरूरी काम के लिए वह इसी साइकिल का इस्तेमाल करता था। एक गांव से दूसरे गांव जाना हो, बाजार जाना हो या फिर पत्नी के साथ उसके मायके। बड़ी शान से वह पत्नी को साइकिल के पीछे बिठाकर उसके मायके पहुंचता तो एक तरफ बच्चे उसकी साइकिल को घेरकर हैरानी भरी नजरों से उसके चारों तरफ घूमते और बड़े-बूढ़े ललचाई नजरों से साइकिल को निहारते। भारत में साइकिल के पहियों ने आर्थिक तरक्की में अहम भूमिका निभाई। 1947 में आजादी के बाद अगले कई दशक तक देश में साइकिल, यातायात व्यवस्था का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा रही। खासतौर पर 1960 से लेकर 1990 तक भारत में ज्यादातर परिवारों के पास साइकिल थी। यह व्यक्तिगत यातायात का सबसे किफायती साधन था। गांवों में किसान साप्ताहिक मंडियों तक सब्जी और दूसरी फसलों को साइकिल से ही ले जाते थे। दूध की सप्लाई गांवों से पास से कस्बाई बाजारों तक साइकिल के जरिये ही होती थी। डाक विभाग का तो पूरा तंत्र ही साइकिल के दम पर चलता था। आज भी पोस्टमैन साइकिल से ही चिट्ठियां बांटते हैं। 1990 में देश में उदारीकरण की शुरुआत हुई और आर्थिक बदलाव का दौर शुरू हुआ। देश की युवा पीढ़ी को अब स्कूटर और मोटरसाइकिल की सवारी ज्यादा भाने लगी। शहरी मध्यवर्ग को अपने शौक पूरे करने के लिए पैसा खर्च करने में हिचक नहीं थी। शहरों में मोटरसाइकिल का शौक बढ़ रहा था। गांवों में भी इस मामले में बदलाव की शुरुआत हो चुकी थी। यह बदलाव अगले कुछ सालों में और तेज हुआ और देश में बदलाव के दोनों पहिये ही बदल गए। हालांकि, इसके बावजूद देश में साइकिल की अहमियत खत्म नहीं हुई । शायद यही वजह है कि चीन के बाद दुनिया में आज भी सबसे ज्यादा साइकिल भारत में ही बनती हैं। नब्बे के दशक के बाद से साइकिलों की बिक्री के आंकड़ों में अहम बदलाव आया। साइकिलों की कुल बिक्री में बढ़ोतरी हुई लेकिन ग्रामीण इलाकों में इसकी बिक्री में गिरावट आने लगी। कमाई में इजाफा होने के चलते लोग मोटरसाइकिल को इन इलाकों में ज्यादा तरजीह देने लगे। 1990 से पहले जो भूमिका साइकिल की थी, उसकी जगह गांवों और शहरों में मोटरसाइकिल ने ले ली। 2002-03 में दोपहिया गाड़ियों की बिक्री (स्कूटर, मोटरसाइकिल, मोपेड, बिजली से चलने वाले दोपहिए) जहां 48.12 लाख थी, वह 2008-09 में बढ़कर 74.37 लाख हो गई। बेशक, साइकिल की जगह दो पहिया और चार पहिया वाहनों ने ले ली और इसे बीते जमाने की चीज होने का अहसास करवा दिया। लेकिन अंग्रेजी की एक बहुत मशहूर कहावत है कि ओल्ड इज़ गोल्ड। समय का पहिया घूमा और यही कहावत आज पूरी तरह से सच होती दिखाई दे रही है। कोरोना को लेकर जब भारत के साथ-साथ पूरी दुनिया लॉकडाउन में चली गई तो उस समय यही लग्ज़री गाड़ियां पड़ी-पड़ी धूल फांकने लगी। बेशक पेट्रोल के दाम गिर गए लेकिन कोरोना का डर इतना कि पेट्रोल पंप तक जाने के नाम से भी लोगों की जान सूख रही थी। इसी दौरान, अचानक साइकिल इन महंगी गाड़ियों से भी ज्यादा कीमती लगने लगी। जिनके पास साइकिल है, वे निश्चिंत होकर आज इसका भरपूर इस्तेमाल कर रहे हैं।और जिनके पास नहीं थी, वे या तो इसे खरीद चुके हैं या फिर खरीदने का मन बना चुके हैं। साइकिल का सफर आज जब साइकिल हम सबको अपनी अहमियत बता ही चुकी है तो जरा इसके इतिहास पर भी एक नजर डाल लेते हैं। 1839 में स्कॉटलैंड के एक लुहार किर्कपैट्रिक मैकमिलन द्वारा आधुनिक साइकिल का आविष्कार करने से पहले यह अस्तित्व में तो थी, लेकिन इसपर बैठकर जमीन को पांव से पीछे की ओर धकेलकर आगे की तरफ़ बढ़ना पड़ता था। जिससे काफी शारीरिक ऊर्जा लगती थी और थकान का अनुभव होता था। मैकमिलन ने इसमें पहिये को पैरों से चला सकने योग्य व्यवस्था की। माना जाता है कि 1817 में जर्मनी के बैरन फ़ॉन ड्रेविस ने साइकिल की रूपरेखा तैयार की थी। यह लकड़ी की बनी साइकिल थी और इसका नाम ड्रेसियेन रखा गया था। लेकिन बहुतायत में इसका इस्तेमाल 1830 से 1842 के बीच होना शुरू हुआ। इसके बाद मैकमिलन ने बिना पैरों से घसीटे चलाये जा सकने वाले यंत्र की खोज की जिसे उन्होंने वेलोस्पीड का नाम दिया। धीरे-धीरे इसकी सवारी लोकप्रिय होने और बढ़ती माँग को देखते हुए इंग्लैंड, फ्रांस और अमेरिका के यंत्र निर्माताओं ने इसमें अनेक महत्वपूर्ण सुधार कर 1872 में एक सुंदर रूप दिया। (लेखिका हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)

## ज्ञान गंगा

### समय चक्र


**जग्गी वासुदेव**

एक बार की बात है, मैं एक जगह आंखें बंद कर के 25-30 मिनट के लिए बैठ गया। जब मैंने आंखें खोलीं तो मेरे चारों ओर भीड़ जमा थी। कोई अपने भविष्य के बारे में जानना चाहता था, मैं सोच रहा था, ये सब लोग कहां से आ गए? फिर उन्होंने बताया,'आप यहां पर 13 दिन से बैठे हैं!' जब मैंने अपने पैर फैलाने चाहे तो मेरे घुटने जकड़ गए थे। दो घंटों तक मालिश, गर्म पानी का सेक और न जाने क्या-क्या करने के बाद मैं उठ पाया। मैं एक ही स्थान पर 13 दिनों तक बैठा हुआ था, पर मुझे लग रहा था कि ये बस 25-30 मिनट ही थे क्योंकि आप अपने शरीर से जितने दूर हो जाते हैं, समय का आप पर उतना कम प्रभाव होता है। ऐसे व्यक्ति को समयाधिपति कहा जाता है। वह किसी प्रकार से समय के पार चला गया है। एक बार जब आप समय के पार चले जाते हैं, तो आप के लिए समय महत्त्वपूर्ण नहीं रह जाता। समय से परे जाने की कोशिश मत कीजिए। जब आप अपने शारीरिक स्वभाव से परे हो जाते हैं तो स्वाभाविक रूप से आप समय से परे चले जाते हैं। बताइए, लोग अपने अंदर समय का खयाल किस तरह रखते हैं? सिर्फ शरीर के ही माध्यम से। उन्हें कैसे मालूम पड़ता है कि अब दोपहर हो गई है? उन्होंने सुबह का नाश्ता कर लिया था, अब दोपहर के भोजन का समय है-एक खाने से दूसरे खाने तक, आपका शरीर समय का ध्यान रखता है। एक बार जब आप पेशाब के लिए जाते हैं तो फिर दूसरी बार जाने के समय तक, आप का शरीर समय का खयाल रखता है। आप थक जाते हैं तो सोने का समय होता है-यही सब तरीके हैं, समय का खयाल रखने के। अगर मैं आप को यहां तीन घंटे बिठा कर रखूं, तो आप के शरीर की इच्छा हिलने और घूमने की होने लगेगी। मान लीजिए, आप के पास शरीर न हो और मैं आप को यहां दस हजार साल बिठा कर रखूं तो आप को क्या समस्या होगी? आप का शरीर ही आप को 'समय' की अनुभूति देता है। एक आवृत्ति का अर्थ है एक घंटा। चंद्रमा जब पृथ्वी के चारों ओर एक चक्कर पूरा करता है तो यह एक महीना हो जाता है, और पृथ्वी का सूर्य के चारों ओर एक चक्कर एक वर्ष को पूरा कर देता है। सब कुछ चक्रों में चल रहा है।




# प्रकृति को जानें

**- डॉ. दीपक आचार्य**



इंसान को हमेशा तरोताजा रहने के लिए जरूरी है कि वह अपने आस-पास के परिवेश को जानें, समझें और इसके माध्यम से ज्ञानार्जन तथा अनुभवों का लाभ लेते हुए व्यक्तित्व विकास के इन बुनियादी तत्वों को जीवन भर अमल में लाए तथा इनके माध्यम से प्रकृति और परिवेश का भरपूर आनंद प्राप्त करे। आदमी के लिए यह जरूरी है कि वह रोजाना अपनी दिनचर्या का निर्वाह करते हुए परिवेश और प्रकृति का आनंद प्राप्त करे ताकि उसे जीवन जीने का पूरा-पूरा सुकून प्राप्त हो सके। यही वह सुकून है जिसके माध्यम से व्यक्ति अपने पुरुषार्थ चतुष्टय को सुनहरा आकार देने के प्रयासों को तीव्रतर करने का संतोष प्राप्त कर सकता है। जीवन में हमेशा ताजगी और सुकून पाने के लिए यह जरूरी है कि हम अपनी जड़ता को समाप्त करें और पूर्ण चेतन अवस्था में रहकर कर्मयोग को सफल बनाएं। जो लोग एक ही स्थान के मोह में बंधे होते हैं, आलस्य के मारे परिभ्रमण से कतराते हैं, यहाँ तक कि रोजाना कुछ कदम चलने तक में परहेज रखते हैं उन लोगों के लिए जीवन अपनी परिधियों में सिमट कर रह जाता है तथा जिन्दगी भर ये कछुवा छाप होकर एक ही जगह पड़े रहने के आदी हो जाते हैं। इन लोगों के लिए न जमाने का कोई मतलब होता है, न कुछ जानने की जिज्ञासा शेष होती है और न ही नया ज्ञान पाने या हमेशा अपडेट रहने की मानसिकता। ऐसे लोग यथास्थितिवादी होकर जड़त्व को ओढ़ लिया करते हैं और यहीं से उनकी जिन्दगी अभिशप्त हो जाया करती है, थोड़ा भी हिलना-डुलना इन्हें पसंद नहीं होने से शरीर की हड्डियों और माँसपेशियों को भी यह महसूस हो जाता है कि अब इस शरीर से कोई ज्यादा काम लेने या चलने-फिरने की क्षमताओं का उपयोग करने का कोई माद्दा नहीं रहा, इसलिए शरीर के ये सारे अवयव भी शिथिलता को अंगीकार कर लिया करते हैं। मानसिक और शारीरिक शिथिलताएं मिलकर ऐसे व्यक्ति को जड़त्व और शैथिल्य का अभिशाप दे डालती हैं। आजकल हममें से खूब लोग ऐसे हैं जो जड़त्व को सहर्ष अंगीकार करते जा रहे हैं और उसका नतीजा भी भुगत ही रहे हैं। एक स्थान का मोह भले रखें मगर अपने जीवन को हमेशा मस्त बनाए रखने के लिए यह जरूरी है कि जहाँ हम रहते हैं या आते-जाते हैं वहाँ निरन्तर चेतन बने रहने का कोई न कोई ऐसा काम जरूर करते रहें जिससे कि किसी न किसी बहाने नयापन बना रहे। इसके लिए सबसे आसान उपाय यही है कि रोजाना अपने क्षेत्र में किसी एक धार्मिक, प्राकृतिक, पुरातात्विक, सामाजिक, सांस्कृतिक और दर्शनीय स्थल, जलाशय, किसी सकारात्मक प्रयोग, प्रेरक स्थल आदि को देखें तथा इनकी जानकारी प्राप्त करने का प्रयास करें। इससे भ्रमण और ज्ञानार्जन, जिज्ञासा शमन और क्षेत्र अनुभव सभी प्रकार का लाभ प्राप्त किया जा सकता है। इसका दूसरा बड़ा फायदा यह होगा कि एक ही स्थान पर जमे रहकर दुनिया भर की चर्चाएं करते हुए टाईमपास जिंदगी जीने की बजाय हर दिन कुछ न कुछ नया अनुभव होगा, नवीन जानकारी सामने आएगी और एक समय ऐसा आ सकता है कि जब हमें अपने क्षेत्र का संदर्भ कोष के रूप में ही प्रतिष्ठा प्राप्त होकर ऐतिहासिक कीर्ति का अहसास होने लगे। जो लोग अपने जीवन में परिव्राजक की भूमिका में होते हैं वे ज्ञान और अनुभवों से समृद्ध होते जाते हैं और इन लोगों का व्यक्तित्व अपने आप निखरने लगता है। इंसान को निखारने में क्षेत्रीय भ्रमणों का हमेशा महत्त्व रहा है और यही कारण है कि जो व्यक्ति जितना अधिक परिभ्रमण करता है वह उतना ही ज्ञानी, अनुभवी और मस्त होता है। भ्रमण का सीधा संबंध ताजगी, सेहत और व्यक्तित्व विकास से है और इसलिए हम सभी को चाहिए कि रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ ऐसा नियम निर्धारित जरूर कर लें कि जिसकी वजह से निरन्तर भ्रमण होता रहे। यह भ्रमण यदि एक ही स्थल के लिए होगा तो नवीनता नहीं होने से इसका कोई फायदा सामने नहीं आ पाएगा। इसलिए ज्यादा उपयुक्त यह होगा कि रोजाना कोई न कोई एक नया स्थल देखने का मानस बनाएं। इससे कई प्रकार के फायदों का आनंद पाते हुए पूरी जिन्दगी को सुकूनदायी स्वरूप प्रदान कर सकते हैं। हममें से हर आदमी यदि रोजाना के क्रम को अपना ले तो उसका आनंद बहुगुणित होने में कोई संशय नहीं रहने वाला।

# आज का राशिफल

**मेष** पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी। मादक वस्तुओं का प्रयोग न करें। शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कुछ ऐसा होगा जिसका आपको लाभ मिलेगा।

**वृषभ** व्यावसायिक प्रयास फलीभूत होंगे। रचनात्मक प्रयास लाभप्रद होंगे। घर के मुखिया या संबंधित अधिकारी का सहयोग मिलेगा। फिजूल खर्च पर नियंत्रण रखें। रुपए पैसे के लेन-देन में सावधानी रखें।

**मिथुन** दाम्पत्य जीवन में तनाव आ सकते हैं। कुछ व्यावसायिक समस्याएं आ सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। राजनैतिक महात्वाकांक्षा की पूर्ति होगी। निजी संबंधों के मामले में अतृप्त महसूस करेंगे।

**कर्क** बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। स्थानान्तरण व परिवर्तन की दिशा में सफलता मिलेगी। रुका हुआ कार्य सम्पन्न होगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। वाहन प्रयोग में सावधानी रखें।

**सिंह** जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। व्यावसायिक योजना सफल होगी। अनावश्यक व्यय का सामना करना पड़ेगा।

**कन्या** सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। रुपए पैसे के लेन-देन में सावधानी रखें। आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा। व्यावसायिक योजनाओं में कठिनता का अनुभव कर सकते हैं। विरोधी परास्त होंगे।

**तुला** पारिवारिक जनों का सहयोग मिलेगा। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। जारी प्रयास सफल होंगे। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद व लाभप्रद होगी। ससुराल पक्ष से लाभ होगा। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी।

**वृश्चिक** शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में आशातीत सफलता मिलेगी। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें, इससे विवाद की स्थिति को टाला जा सकता है। वाहन प्रयोग में सावधानी रखें।

**धनु** आर्थिक योजना सफल होगी। उपहार व सम्मान का लाभ मिलेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के योग हैं। भाई या पड़ोसी का सहयोग मिलेगा। धार्मिक प्रवृत्ति में वृद्धि होगी। मनोरंजन के अवसर प्राप्त होंगे।

**मकर** जीवन साथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। धन, पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। भाग्य वश कुछ ऐसा होगा जिसका आपको लाभ मिलेगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। व्यर्थ की भागदौड़ रहेगी।

**कुम्भ** दाम्पत्य जीवन में व्यर्थ के तनाव आ सकते हैं। किसी रिश्तेदार के कारण स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। क्रोध में वृद्धि होगी। रिश्तों में सुधार हो सकता है। प्रेम प्रसंग प्रगाढ़ होंगे।

**मीन** पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। यात्रा में अपने सामान के प्रति सचेत रहें, चोरी या खोने की आशंका है। उदर विकार या त्वचा के रोग से पीड़ित रहेंगे। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1




## स्पाइस जेट की यूएई के लिए 12 से 26 जुलाई तक विमान सेवा

**नई दिल्ली।** किफायती विमान सेवा कंपनी स्पाइस जेट भारत से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के लिए 12 जुलाई से 26 जुलाई तक विमान सेवा संचालित करेगी और इसके लिए टिकट की बुकिंग शुरु हो गई है। स्पाइस जेट के विमान दिल्ली, मुम्बई, कोझिकोड और कोच्चि से यूएई के रास अल खैमह हवाईअड्डे के लिए उड़ान भरेंगे। वहां से यात्री दुबई, शारजाह और अबू धाबी जाने के लिए स्पाइस जेट की बस में निःशुल्क सफर कर सकते हैं। स्पाइस जेट की इस उड़ान में सिर्फ वही यात्री सफर कर सकते हैं, जिनके पास यूएई का आईसीए या जीडीआरएफए अनुमोदन हो। इन यात्रियों के लिए यात्रा से पहले अपने पास कोविड निगेटिव रिपोर्ट रखना और मोबाइल में अल-होस्न यूएई ऐप डाउनलोड करना अनिवार्य है। कोविड-19 की जांच रिपोर्ट यात्रा से चार दिन यानी 96 घंटे से अधिक पुरानी नहीं होनी चाहिए। इन विमानों को सिर्फ यूएई जाने वाले यात्री ही सफर कर सकते हैं।

## टिकटॉक को डिलीट करने पर अमेजन ने दी सफाई, कहा- गलती से गया ईमेल

**बिजनेस डेस्क।** अमेजन के कर्मचारियों को अपने फोन से वीडियो ऐप टिकटॉक हटाने संबंधी एक आंतरिक ईमेल भेजे जाने के करीब पांच घंटे बाद अमेजन ने इस पर सफाई दी और इसे एक गलती बताया। अमेजन ने संवाददाताओं को ईमेल किया, ''आज सुबह कुछ कर्मचारियों को गलती से ईमेल भेजे गए। टिकटॉक के संबंध में फिलहाल हमारी नीतियों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। प्रवक्ता जासी एंडरसन ने पूरी घटना पर कुछ भी कहने से इनकार किया। प्रारंभिक ईमेल में कर्मचारियों से टिकटॉक को हटाने के लिए कहा गया था। ईमेल में ऐप से ''सुरक्षा खतरों का हवाला दिया गया था। कंपनी के एक कर्मचारी ने इस प्रकार का मेल मिलने की पुष्टि की लेकिन उसने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर बताया कि ईमेल को वापस नहीं लिया गया है। गौरतलब है कि अमेरिका में वॉलमार्ट के बाद अमेजन दूसरी कंपनी है जिसके दुनियाभर में 8,40,000 से अधिक कर्मचारी हैं और टिकटॉक के खिलाफ उसके किसी भी प्रकार के कदम से ऐप पर दबाव बढ़ता। अमेरिकी सेना ने अपने कर्मचारियों के मोबाइल में इसे प्रतिबंधित किया है और कंपनी अपनी विलय इतिहास को लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा समीक्षा के दायरे में है। अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोम्पिओ ने इस सप्ताह कहा था कि सरकार ऐप पर प्रतिबंध लगाने पर ''यकीनन विचार कर रही है। टिकटॉक चीनी इंटरनेट कंपनी बाइटडांस की ऐप है, जिसे चीन के बाहर के उपयोगकर्ताओं के लिए बनाया गया है। यह 'डॉयिन नाम से एक चीनी संस्करण भी बनाता है। इस घटनाक्रम के बीच टिकटॉक ने दिन में कहा कि अमेजन ने प्रारंभिक ईमेल भेजने से पहले उसे आधिकारिक सूचना नहीं दी। टिकटॉक ने कहा, ''हमें अब भी उनकी चिंताओ के बारे में नहीं पता और कंपनी अमेजन के मसले को दूर करने के लिए बातचीत का स्वागत करेगी।

## पीएमसी बैंक: वधावन की जमानत अर्जी खारिज, अदालत ने कहा- अपराध गंभीर है

**मुंबई।** एचडीआईएल के प्रवर्तकों--राकेश और सारंग वधावन को जमानत देने से इनकार करते हुए यहां एक अदालत ने कहा कि आर्थिक अपराध समाज पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में सोचे बिना निजी लाभ के लिए किये जाते हैं और इन्हें गंभीरता से देखने की जरूरत है। वधावन पिता-पुत्र करोड़ों रुपए के पंजाब और महाराष्ट्र सहकारी (पीएमसी) बैंक घोटाले में आरोपी हैं। दोनों जमानत की अर्जी लगाते हुए कहा कि उन्होंने बैंकिंग नियमों के किसी विशेष प्रावधान का उल्लंघन नहीं किया है और गड़बड़ी करने के आरोप पीएमसी के अधिकारियों के खिलाफ हैं, उनके विरुद्ध नहीं। अभियोजन पक्ष ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि वधावन और बैंक के अन्य शीर्ष अधिकारी इस मामल में षड्यंत्रकर्ता थे और पीएमसी बैंक में हुई जालसाजी के लाभार्थी थे। अभियोजन पक्ष की दलीलों को स्वीकार करते हुए और उपलब्ध साक्ष्यों पर विचार करने के बाद जज एस एन यादव ने बृहस्पतिवार को वधावन पिता-पुत्र की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

# गुरुग्राम में नई आवासीय परियोजना में 225 करोड़ रुपए का निवेश करेगी सिग्नेचर ग्लोबल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

रियल एस्टेट क्षेत्र की कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल हरियाणा के गुरुग्राम में सस्ते मकानों की एक नई आवासीय परियोजना के विकास पर अगले चार साल में 225 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। इस परियोजना के तहत कुल 852 फ्लैट बनाए जाएंगे। परियोजना का विकास हरियाणा सरकार की सस्ते मकान की नीति के तहत किया जाएगा। सिग्नेचर ग्लोबल ने बयान में कहा कि इस परियोजना की अनुमानित लागत 225 करोड़ रुपए है। परियोजना के तहत बनने वाले फ्लैटों की कीमत 14.46 लाख से 25.80 लाख रुपए होगी। सिग्नेचर ग्लोबल समूह के संस्थापक एवं चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल ने कहा, ''सस्ते घरों की मांग कई गुना बढ़ चुकी है। घर से काम (वर्क फ्रॉम होम) करते समय लोगों को अपने मकान का महत्व समझ आ गया है। कई लोगों को इस दौरान चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। पिछले पांच साल के दौरान कंपनी ने गुरुग्राम, सोहना और करनाल (हरियाणा) में सस्ते मकानों की 20 परियोजनाएं पेश की हैं। इसके अलावा कंपनी ने वैशाली और गाजियाबाद में शॉपिंग मॉल सहित वाणिज्यिक परियोजनाएं भी पेश की हैं। परियोजनाएं भी पेश की हैं। सरकार सस्ते मकानों को प्रोत्साहन दे रही है। इस तरह की परियोजनाओं में सिर्फ एक प्रतिशत माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लिया जा रहा है। साथ ही ऋण से संबद्ध सब्सिडी योजना (सीएलएसएस) के तहत ब्याज सहायता दी जा रही है।

## पंजाब एण्ड सिंध बैंक में हुआ 112 करोड़ का फ्रॉड, आरबीआई को दी जानकारी

**बिजनेस डेस्क।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब एंड सिंध बैंक ने शुक्रवार को उसके दो फंसे कर्ज के खातों में 112.42 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी होने की जानकारी दी है। ये खाते महा एसोसियेटिड होटल्स और एडयार जिंक के हैं। बेंक ने नियामकीय सूचना में कहा है कि उसने इस धोखाधड़ी के बारे में रिजर्व बैंक को सूचित कर दिया है और वह इस बारे में केन्द्रीय जांच ब्यूरो के पास शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया में है। बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि महा एसोसियेटिड होटल्स प्रा. लि. से संबंधित ऋण खाते में 71.18 करोड़ रुपए का बकाया है। उसने कहा कि एनपीए खाते को धोखाधड़ी घोषित किए जाने की सूचना भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को दी जा चुकी है। वर्तमान में महा एसोसियटिड होटल्स का मामला एनसीएलटी में लंबित है। बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि सेबी विनियमों और बैंक की नीति के लागू प्रावधानों के अनुसार, यह सूचित किया जाता है यह सूचित किया जाता है कि 44.40 करोड़ रुपए के प्रावधान वाले 71.18 करोड़ रुपए के बकाया एनपीए खाता 'महा एसोसिएटेड होटल्स प्राइवेट लिमिटेड' को धोखाधड़ी घोषित किया गया है ।

## कोविड-19 वैक्सीन के लिए लक्ष्मी मित्तल ने 3300 करोड़ रुपए का दान दिया

**बिजनेस डेस्क।** ग्लोबल स्टील टाइकून के नाम से पहचाने जाने वाले लक्ष्मी निवास मित्तल और उनके परिवार ने कोरोना वायरस वैक्सीन तैयार करने के लिए 35 लाख पाउंड (करीब 3300 करोड़ रुपए) का अनुदान दिया है। मित्तल परिवार ने यह रकम ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के वैक्सीनोलॉजी विभाग को दिया है। यह विभाग जेनर इंस्टीट्यूट के अंतर्गत आता है और इसके निदेशक प्रोफेसर एड्रियन हिल हैं। अब इस विभाग का नाम बदलकर लक्ष्मी मित्तल एंड फैमिली प्रोफेसरशिप ऑफ वैक्सीनोलॉजी रखा जाएगा। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के डेवलपमेंट ऑफिस ने अपनी एक रिपोर्ट में इस बारे में जानकारी दी है। वैक्सीन की पढ़ाई को लेकर जेनर इंस्टीट्यूट को दुनिया का सबसे बेहतरीन इंस्टीट्यूट माना जाता है। कोविड-19 के वैक्सीन को लेकर यह इंस्टीट्यूट जोर-शोर से जुटा हुआ है। अब यह दुनिया का सबसे बड़ा एकेडेमिक वैक्सीन सेंटर बन चुका है। फिलहाल, इस इंस्टीट्यूट द्वारा विकसित किए गए एक वैक्सीन का मानव ट्रायल यूनाइटेड किंग्डम, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका में चल रहा है। इस रिपोर्ट में आर्सेलरमित्तल के लक्ष्मी मित्तल के हवाले से लिखा गया है, पूरी दुनिया के लिए यह साल एक वेकअप कॉल है ताकि हम भविष्य के लिए खुद को तैयार कर सकें। हम सभी ने महसूस किया है।

## दबाव वाली वित्तीय कंपनियों के समाधान के लिए कानूनी अधिकार वाले 'समाधान निगम' की जरूरत : दास

**मुंबई (एजेंसी)।**

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने कर्ज के संकट में फंसी वित्तीय कंपनियों की समस्या के समाधान और उनके पुनरोद्धार के लिए कानूनी अधिकार वाला एक 'समाधान निगम' बनाए जाने की वकालत की है। सरकार ने अगस्त, 2017 में संसद में वित्तीय समाधान एवं जमा बीमा (एफआरडीआई) विधेयक पेश किया था। इसमें अन्य बातों के अलावा समाधान निगम के गठन का प्रस्ताव था। हालांकि, एक साल बाद सरकार ने इस विधेयक को वापस ले लिया था, क्योंकि इस बात को लेकर चिंता जताई जा रही थी कि यदि यह विवादास्पद 'बेल-इन' (कंपनी को बचाने के लिए जमाकर्ताओं के पैसे का सहारा) वाले प्रावधान के साथ पारित हो गया, जो जमाकर्ताओं के धन की सुरक्षा खतरे में पड़ेगी। बेल-इन के तहत बैंकों की वित्त की स्थिति को मजबूत करने के लिए उसकी देनदारियां रद्द या संशोधित की जा सकती हैं। दास ने शनिवार को भारतीय स्टेट बैंक के 7वें बैंकिंग एंड इकनॉमिक्स कॉन्क्लेव' को संबोधित करते हुए कहा, ''आगे चलकर हमें कानूनी अधिकार वाले किसी प्रकार के समाधान निगम की जरूरत होगी, जो दबाव वाली वित्तीय कंपनियों का समाधान और पुनरोद्धार करेगा।'' उन्होंने कहा कि नियामक किसी तरह के जोखिम के बारे में पहले से चेतावनी दे सकता है। गवर्नर ने कहा, ''नियामक आवश्यक उपाय जारी रखेगा। यह बैंकों या गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के साथ कमजोरियों की पहचान के लिए काम करेगा, लेकिन इसके लिए किसी कानूनी अधिकार वाली व्यवस्था की जरूरत है।'' दास ने बताया कि समाधान निगम का गठन पहले एफआरडीआई विधेयक का हिस्सा था। हालांकि, बाद में सरकार ने कुछ मुद्दों की अधिक गहराई से समीक्षा के लिए इस विधेयक को वापस ले लिया था। उन्होंने कहा कि दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) की धारा 227 के तहत जारी अधिसूचना से रिजर्व बैंकों को एनबीएफसी और आवास वित्त कंपनियों (एचएफसी) के मामलों में अतिरिक्त अधिकार मिले हैं। उन्होंने कहा कि इन्ही अधिकारों का इस्तेमाल कर रिजर्व बैंक ने दीवान हाउसिंग फाइनेंस (डीएचएफएल) के लिए प्रशासक नियुक्त किया है। साथ ही इसके मामले को राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के पास भेजा गया है। उन्होंने बताया कि अब डीएचएफएल के समाधान की प्रक्रिया काफी बेहतर तरीके से चल रही है। गवर्नर ने कहा कि जहां तक कि बैंकों और वित्तीय संस्थानों की बात है, तो परंपरागत रूप से ऐसे मामलों में विफल बैंक का बड़े बैंक में विलय किया जाता है। उन्होंने कहा कि इससे निश्चित रूप से जमाकर्ताओं के हितों का संरक्षण होता है, लेकिन साथ ही इससे बड़े बैंक की बैलेंस-शीट बिगड़ती ।

इसके लिए उन्होंने यस बैंक का उदाहरण देते हुए कहा कि शुरुआत में बैंक के लिए बाजार आधारित समाधान का प्रयास किया गया, लेकिन उसमें निवेशकों ने रुचि दिखाई।

## कैट का गोयल को पत्र, वंदे भारत परियोजना में चीन की कंपनी को भाग लेने की अनुमति नहीं दे सरकार

**नयी दिल्ली।** चीनी वस्तुओं के बहिष्कार के अपने राष्ट्रीय अभियान 'भारतीय सामान -हमारा अभिमान' के तहत व्यापारियों के संगठन कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने सरकार से मांग की है कि भारतीय रेलवे की अर्ध-उच्च गति स्वदेशी ट्रेन-18 परियोजना के लिए वैश्विक निविदा में चीन के स्वामित्व वाली कंपनी सीआरआरसी कॉरपोरेशन को भाग नहीं लेने दिया जाए। कैट ने शनिवार को इस बारे में रेल मंत्री पीयूष गोयल को पत्र लिखा है। गोयल को लिखे पत्र में कैट ने महासचिव प्रवीण खंडलेवाल ने कहा कि चीन की कंपनी सीआरआरसी कॉरपोरेशन गुरुग्राम की एक कंपनी के साथ संयुक्त उद्यम में इन रेलों की प्रणोदन प्रणाली या इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन की के ठेकेखरीद के लिए निविदा पेश करने वाली छह कंपनियों में एक है। कैट ने कहा है कि भारतीय रेलवे की यह परियोजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मेक इन इंडिया के आह्वान का एक हिस्सा है, इसलिए इस तथ्य और वर्तमान में चल रही परिस्थितियों को देखते हुए चीनी कंपनी को इस परियोजना में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। पत्र में कहा गया है कि रेल मंत्रालय को इस परियोजना के लिए भारतीय कंपनियों पर ही जोर देना चाहिए।

# टेलीकॉम इटालिया ने चीनी कंपनी हुवावे को दिखाया बाहर का रास्ता




**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

इटली की दूरसंचार कंपनी टिम ने इसी महीने शुरू हुए 5जी इक्विपमेंट के टेंडर से चीनी कंपनी हुवावे टेक्नोलॉजीज को बाहर कर दिया है। ये दोनों कंपनियां इटली और ब्राजील में कोर नेटवर्क बनाने की तैयारी कर रही थीं। बता दें कि टिम को टेलीकॉम इटालिया के नाम से भी जाना जाता है। इस मामले से जुड़े सूत्रों के मुताबिक अब सप्यालर की लिस्ट में सिस्को, एरिक्सन, नोकिया, मावेनीर और एफर्म्ड नेटवर्क शामिल हैं। एफर्म्ड नेटवर्क का हाल ही में माइक्रोसॉफ्ट द्वारा अधिग्रहण किया गया है। टेलीकॉम इटालिया का एक सोर्स ने टेंडर से हुवावे को हटाने के बारे में बताया कि हमारे सप्लायर्स का डाइवर्सिफिकेशन पॉलिसी का हिस्सा है।

हालांकि, इटली और ब्राजील में हुवावे के रिप्रेजेंटेटिव ने इस मामले में अभी कुछ बोलने से इनकार कर दिया है। टिम कंपनी से जुड़े ब्राजील के एक सोर्स ने बताया, हुवावे को इटालियन नेटवर्क के लिए बोली लगाने से रोकने के निर्णय से चीनी कंपनी को कोई सहारा नहीं देगा लेकिन हुवावे या अन्य सप्लायर्स को बाद की तारीख में ब्राजील में फिर से प्रक्रिया शुरू करने के लिए इनवाइट किया जा सकता है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के जवाब में इटालियन कंपनी की ब्राजील यूनिट ने कहा कि उसने अभी तक अपने 5जी इक्विपमेंट सप्लायर्स को लेकर कोई निर्णय नहीं लिया है टेलीकॉम इटालिया ने कहा कि कंपनी 5जी इक्विपमेंट खरीदने की प्रोसेस के दौरान क्वालिटी और कम्पेटिटिव प्राइसिंग के क्राइटेरिया का ध्यान रखेगी। कंपनी से जुड़े सोर्स के मुताबिक 5जी गियर खरीदने का दूसरा टेंडर ब्राजील में हो आयोजित हो सकता है। इटालियन आयोजित हो सकता है। इटालियन समाचार पत्र ला रिपब्लिका ने बुधवार को एक रिपोर्ट में कहा कि इटली इस बात पर विचार कर रहा है कि क्या हुवावे को अपना 5जी नेटवर्क बनाने से रोका जाए, ताकि वह चीन के लिए जासूसी करने का रास्ता नहीं खोल सके।

## इरडा ने 29 बीमा कंपनियों को अल्पकालिक 'कोरोना कवच पालिसी पेश करने की मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) ने 29 साधारण एवं स्वास्थ्य बीमा कंपनियों को कोविड-19 इलाज के लिए अल्पावधि कोरोना कवच स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी पेश करने की अनुमति दे दी है। बीमा कंपनियों को यह अनुमति ऐसे समय मिली है जबकि देश में कोरोना वायरस के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों के बीच इरडा ने साधारण और स्वास्थ्य बीमा कंपनियों से 10 जुलाई तक कोरोना कवच स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी पेश करने को कहा था। देश में कोविड-19 संक्रमित मामलों की संख्या करीब 8 लाख तक पहुंच गई है और संख्या दिन-ब-दिन बढ़ रही है। इरडा के दिशानिर्देश के अनुसार अल्पावधि के लिये पॉलिसी साढे तीन महीने, साढे छह महीने और साढे नौ महीने के लिए हो सकती है। इरडा ने जिन 29 साधारण और स्वास्थ्य बीमा कंपनियों को कोरोना कवच बीमा पॉलिसी लाने की अनुमति दी है उनमें सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की बीमा कंपनियां मसलन लोम्बार्ड, एचडीएफसी एर्गो, मैक्स बूपा, बजाज आलियांज, भारती एक्सा और टाटा एआईजी शामिल हैं।

## सामान्य स्थिति की ओर लौटने के संकेत देने लगी है भारतीय अर्थव्यवस्था: आरबीआई गवर्नर

**मुंबइ (एजेंसी)।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शनिवार को कहा कि लॉकडाउन की पाबंदियों में धीरे-धीरे ढील दिये जाने के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था सामान्य स्थिति की तरफ लौटने के संकेत देने लगी है। उन्होंने कहा कि अभी के समय की जरूरत भरोसे को पुन- बहाल करना, वित्तीय स्थिरता को संरक्षित करना, वृद्धि दर को तेज करना और मजबूत वापसी करना है। दास ने 7वें एसबीआई बैंकिंग एंड इकनॉमिक्स कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा, ''लॉकडाउन की पाबंदियों में ढील दिये जाने से भारतीय अर्थव्यवस्था अब सामान्य स्थिति की ओर लौटने के संकेत देने लगी है।'' उन्होंने कहा कि भारतीय कंपनियों और उद्योगों ने संकट के समय बेहतर प्रतिक्रिया दी। हालांकि, इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आपूर्ति श्रृंखला के पूरी तरह से बहाल होने और मांग की स्थिति सामान्य होने में कितना समय लगेगा, यह अभी अनिश्चित है। यह भी अनिश्चित है कि यह महामारी हमारी संभावित वृद्धि पर किस तरह का टिकाऊ असर छोड़ती है। दास ने कहा कि सरकार ने जिन लक्षित एवं विस्तृत सुधार उपायों की घोषणा की है, उनसे आर्थिक वृद्धि को सहारा मिलना चाहिये। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के बाद की बेहद अलग दुनिया में संभवतः अर्थव्यवस्था के भीतर उत्पादन के कारकों का पुनः आवंटन तथा आर्थिक गतिविधियों को विस्तृत करने के नवोन्मेषी तरीकों से कुछ पुनर्संतुलन बन सकेगा और आर्थिक वृद्धि को गति देने वाले नये वाहक उभर सकेंगे। दास ने कहा कि रिजर्व बैंक वित्तीय स्थिरता को संरक्षित करने, बैंकिंग प्रणाली को सही बनाये रखने और आर्थिक गतिविधियों को बनाये रखने के बीच संतुलन बनाने का काम करता है। उन्होंने कहा, ''कोविड-19 के बाद के युग में प्रति चक्रीय नियामकीय उपायों को व्यवस्थित तरीके से समेटने में बेहद सावधानी से एक राह का अनुसरण करना होगा।'' रिजर्व बैंक के गवर्नर ने कहा कि जो नियामकीय ढील दी गयी हैं, उन्हें नये प्रावधान माने बिना भी वित्तीय क्षेत्र सामान्य स्थिति की ओर लौट सकता है। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने आर्थिक वृद्धि को सहारा देने के लिये फरवरी 2019 के बाद से नीतिगत दरों में 2.5 प्रतिशत की कटौती की है।

## रिलायंस को चार निवेशकों से हिस्सेदारी के लिए 30,062 करोड़ रुपए प्राप्त हुए


**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

रिलायंस इंडस्ट्रीज को समूह की कंपनी जियो प्लेटफार्म्स में आंशिक हिस्सेदारी देने का सौदा करने वाले चार अन्य निवेशकों से कुल 30,062 करोड़ रुपए की प्राप्ति हो गई है। इससे पहले कंपनी ने बताया था कि उसे फेसबुक के साथ जियो प्लेटफार्म्स के शेयर के लिए सौदे का पैसा मिल गया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने शनिवार को शेयर बाजार को भेजी गयी सूचना में कहा है कि उसने जियो प्लेटफार्म्स में अपनी 6.13 प्रतिशत हिस्सेदारी को एल कैटरटोन, दि पब्लिक इन्वेस्टमेंट फंड, सिल्वर लेक और जनरल एटलांटिक को बेचने का सौदा नक्की कर लिया है। रिलायंस ने अपनी डिजिटल इकाई में अब तक कुल मिला कर 25.09 प्रतिशत हिस्सेदारी को विभिन्न हिस्सेदारों को बेचा है। कुल 11 निवेशकों के साथ मिलाकर 1,17,588.45 करोड़ रुपए के सौदे किये हैं। कंपनी ने सबसे पहले बड़े निवेशक फेसबुक के साथ सौदा किया। इसके लिए उसने फेसबुक सहित कुल 11 निवेशकों के साथ मिलाकर 1,17,588.45 करोड़ रुपए के सौदे किये हैं। कंपनी ने सबसे पहले बड़े निवेशक फेसबुक के साथ सौदा किया। उसने फेसगुक की पूर्णस्वामित्व वाली इकाई जादू होल्डिंग्स एलएलसी से इस सौदे के लिए 43,574 करोड़ रुपए प्राप्त किए। कंपनी ने इसके बाद 7 जुलाई को कहा, ''जियो प्लेटफार्म्स लिमिटेड ने जादू होल्डिंग्स को 9.99 प्रतिशत इक्विटी शेयर आवंटित कर दिए हैं। कंपनी ने कहा है कि उसे अब एल कैटरटॉन की इंटरस्टेलर प्लेटफार्म होल्डिंग्स प्रा. लि. ने 0.39 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए 1,894.50 करोड़ रुपए का भुगतान किया है। वहीं जियो प्लेटफार्म्स की 2.32 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए दि पब्लिक इन्वेस्टमेंट फंड ने 11,367 करोड़ रुपए का भुगतान किया है। कंपनी में सिल्वर लेक की इकाइयों एसएलपी रेडवुड होल्डिंग्स प्रा. लि. और एसएलपी रेडवुड को-इन्वेस्ट (डीई) एल.पी. ने 2.08 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिये 10,202.55 करोड़ रुपए लगाए हैं। जियो प्लेटफार्म्स में जनरल अटलांटिक सिंगापुर जेपी प्रा. लि. ने 6,598.38 करोड़ रुपए में 1.34 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी है।

# ई-वीजा केस में श्वष्ठ की छापेमारी, दिल्ली-गाजियाबाद से 3.57 करोड़ कैश बरामद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली-एनसीआर की कई टूर एंड ट्रैवल्स कंपनियों और उसके चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) पर छापेमारी में 3.57 करोड़ रुपए की नकदी जब्त की है। कंपनियों पर यह छापेमारी भारत की यात्रा पर आने वाले विदेशियों के ई-वीजा प्रसंस्करण में कथित अनियमितताओं के लिए की गई है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने शनिवार को कहा कि उसने विदेशी विनिमय प्रबंधन कानून (फेमा) के तहत नौ जुलाई को दिल्ली और गाजियाबाद में आठ स्थानों पर छापेमारी की। ईडी ने बयान में कहा कि छापेमारी की कार्रवाई कई टूर एंड ट्रैवल्स कंपनियों के निदेशकों के आवास और कार्यालयों तथा उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट के खिलाफ की गई। इस दौरान ईडी ने 3.57 करोड़ रुपए नकद और कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल रिकॉर्ड जब्त किया है। प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि उसे इस बात की सूचना मिली थी कि ये इकाइयां विदेशियों को ई-वीजा सेवाएं प्रदान करने के नाम पर पेमेंट गेटवे के जरिए विदेश से अनधिकृत तरीके से धन प्राप्त कर रही है। एजेंसी ने कहा कि शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि ऐसी दो इकाइयों को विदेशियों के भारतीय ई-वीजा के प्रसंस्करण के लिए विदेश से 200 करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं। हालांकि, इन इकाइयों को सरकार की ओर से इस काम के लिए अधिकृत नहीं किया गया है। ईडी ने कहा कि इसके अलावा ये इकाइयां ऊंचे मूल्य के संदिग्ध लेनदेन में भी शामिल हैं। ''इसके अलावा यह तथ्य भी सामने आया है कि कुछ चार्टर्ड अकाउंटेंट ने इन इकाइयों के



कामकाज के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। संदिग्ध लेनदेन में भी इनकी भूमिका है। ईडी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इस मामले की जांच चल रही है। इन कंपनियों के निदेशकों और कार्यकारियों से पूछताछ की जाएगी।

## आम्रपाली के प्रोजेक्ट के लिए एसबीआई कैप करेगी फंडिंग, रूपरेखा कर रही है तैयार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

आम्रपाली मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट में एसबीआई कैप ने कहा है कि वह आम्रपाली के 7 प्रोजेक्ट के लिए फंड देने को तैयार है। इसके लिए रूपरेखा तीन हफ्ते में तैयार कर ली जाएगी। सुनवाई के दौरान आठवें प्रोजेक्ट को भी फंडिंग करने के लिए एसबीआई से कहा गया तो एसबीआई कैप के वकील ने कहा कि वह इस पर विचार करेगा। बॉयर्स के वकील एमएल लाहौटी ने बताया कि आम्रपाली मामले की सुनवाई के दौरान एसबीआई कैप की ओर से बताया गया कि वह आम्रपाली के सात प्रोजेक्ट के लिए फंडिंग देने को तैयार है जो 1000 करोड़ के आसपास है। इस के दौरान हरीश साल्वे ने कहा कि सिलिकन सिटी वन और टू, सेंचूरियन पार्क वन, टू और थ्री, हार्ट बीट सिटी वन और टू और क्रिस्टल होम के प्रोजेक्ट के लिए एसबीआई कैप फंडिंग करेगा।

लेकिन इस दौरान ये भी दलील दी गई कि 12 फीसदी ब्याज लेगा। इस दौरान लाहौटी की ओर से दलील दी गई कि सेंचूरियन पार्क का प्रोजेक्ट टेरेस होम भी है उसे भी एसबीआई को अपने हाथ में लेना चाहिए। क्योंकि सेंचूरियन पार्क के तीन प्रोजेक्ट अगर एसबीआई कैप फंड करेगा तो चौथा प्रोजेक्ट अधूरा रह जाएगा और कॉमन एरिया का विकास कैसे होगा। तब एसबीआई के वकील ने कहा कि वह उस प्रस्ताव पर विचार करेंगे। इसी बीच लाहौटी ने एसबीआई कैप द्वारा किए जाने वाले फंडिंग के एवज में 12 फीसदी ब्याज पर ऐतराज जताया और कहा कि ब्याज का रेट काफी ज्यादा है और एसबीआई जो बाकी लोन के लिए रेट तय करता है वही रेट इस प्रोजेक्ट में फंडिंग के लिए भी लेना चाहिए। तब एसबीआई के वकील ने कहा कि वह इस प्रस्ताव पर विचार करेंगे। सुप्रीम कोर्ट को एसबीआई कैप की ओर से बताया गया कि प्रोजेक्ट फंडिंग के बारे में रूपरेखा क्या होगा और कैसे पैसे लगाए जाएंगे इस पर पूरा ब्यौरा पेश किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के लिए 4 अगस्त की तारीख तय कर दी। मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट को बताया गया कि आम्रपाली मामले में स्थानीय पुलिस जो छानबीन कर रही है उसके बदले मामले की छानबीन ईओडब्ल्यू को दिया जाना चाहिए।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1




## प्रो लीग से ओलंपिक तैयारियों में मदद मिलेगी : रीड

**नई दिल्ली ।** अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ एफआईएच के हॉकी प्रो लीग 2020 सीजन के आयोजन को फिर से शुरू करने की घोषणा के साथ ही भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा है कि इस लीग में शीर्ष देशों के खिलाफ कड़ी प्रतिस्पर्धा से उनकी टीम को टोक्यो ओलंपिक खेलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी। रीड ने कहा- अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता फिर से शुरू करना बहुत ही उत्साहजनक है और हॉकी प्रो लीग हमें अगले साल ओलंपिक खेलों की तैयारी के मद्देनजर एक अच्छे स्तर की प्रतियोगिता देगा। रीड ने कहा कि हम अपनी लय को बनाए रखेंगे ताकि इस वर्ष के शेष समय और अगले वर्ष के शुरू में होने वाले टूर्नामेंटों की तैयारियों को सुनिश्चित कर सकें। टीम इस वर्ष नवंबर में होने वाली एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारियों में जुटी हुई है। इसके बाद मलेशिया में हॉलैंड के खिलाफ खेलेगी और फिर फरवरी 2021 में न्यूजीलैंड में चार देशों का टूर्नामेंट है। भारत हॉकी प्रो लीग 2020 में अपने अभियान की फिर से शुरुआत अगले वर्ष 10-11 अप्रैल को अर्जेंटीना के खिलाफ संशोधित कार्यक्रम से करेगा। भारत 8-9 मई को ब्रिटेन से भिड़ेगा और इसके बाद स्पेन में 12-13 मई को मैच खेलेगा। भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ 29-30 मई को खेलने से पहले 18-19 मई को जर्मनी के खिलाफ मैच खेलेगी।

# कॉमनवेल्थ में गोल्ड मेडल जीत चुके विकास समेत 3 बॉक्सर ने क्वारैंटाइन रूल तोड़ा, साई ने जांच शुरू की



**मॉस्को (एजेंसी)।**

कॉमनवेल्थ और एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीत चुके विकास कृष्ण यादव समेत नीरज गोयत और सतीश कुमार पर कोरोना नियम तोड़ने का आरोप लगा है। स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) ने क्वारैंटाइन नियम तोड़ने को लेकर इन एथलीट्स के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। इसके लिए साई के सचिव की अगुआई में 4 सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया गया है। अगर इस मामले में खिलाड़ी दोषी पाए जाते हैं, तो उनके खिलाफ कार्रवाई होगी। इस बीच, क्वारैंटाइन नियम का उल्लंघन करने वाले तीनों खिलाड़ी शनिवार सुबह एनआईएस पटियाला छोड़कर चले गए। कमेटी इस मामले में एनआईसी पटियाला के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर राज सिंह बिश्नोई की भूमिका की भी जांच करेगी। साथ ही कड़े गाइडलाइन जारी करेगी, ताकि स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के किसी दूसरे सेंटर में फिर ऐसी घटना न हो। सतीश ने एशियन गेम्स में ब्रॉन्ज मेडल जीता है, जबकि नीरज प्रोफेशनल बॉक्सर हैं। तीनों पर आरोप है कि उन्होंने पटियाला के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स (एनआईएस) में सोशल डिस्टेंसिंग नियम तोड़ते हुए साथी खिलाड़ियों से घुल मिलकर बात की। साई ने कहा, ''मामले की जांच शुरू कर दी है। दोषी अधिकारी और खिलाड़ियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।'' विकास 69 किग्रा और सतीश 91 किग्रा कैटेगरी में पहले ही टोक्यो ओलिंपिक के लिए कोटा हासिल कर चुके हैं। कोरोना के बीच ओलिंपिक की तैयारियों को लेकर बॉक्सिंग कैंप 1-2 हफ्ते पहले ही शुरू हुआ है। इसमें ओलिंपिक क्वालिफाई कर चुके 7 दूसरे बॉक्सरों को भी क्वारैंटाइन में रखा गया है। साई ने कहा, ''कोरोना जांच के बाद ही खिलाड़ियों को कैंपस के होस्टल में एंट्री की अनुमति होती है। इसके बाद हमारी नई गाइडलाइंस के तहत खिलाड़ियों को होस्टल में ही 7 दिन क्वारैंटाइन में रहना होता है। छठे दिन कोरोना टेस्ट होता है। रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद ही खिलाड़ियों को साथियों के साथ मिलने की अनुमति होती है।'' गोयत ने कहा, ''मैं और विकास होस्टल के मैस में नहीं गए थे। हमारा कोरोना टेस्ट निगेटिव आने के बाद हमने एनआईएस एक्जक्यूटिव डायरेक्टर राज सिंह बिश्नोई की परमिशन के बाद ही कैंपस में गए थे। सिर्फ सतीश एक बार मैस में गया था, क्योंकि उसे इसके बारे में पता नहीं था। इसके बाद कुछ वेटलिफ्टर और एथलीट्स साथियों ने इसकी शिकायत की।

## तृतीय फीडे महिला स्पीड ग्रां प्री शतरंज - चीन की हाउ ईफ़ान और रूस की काटेरयना के बीच होगा फाइनल

**मॉस्को (एजेंसी)।**

तृतीय फीडे महिला स्पीड ग्रां प्री शतरंज का फाइनल मुक़ाबला अब तय हो गया है । चीन की विश्व नंबर 1 हाउ ईफ़ान और रूस की वर्तमान विश्व ब्लिट्ज़ चैम्पियन लागनों काटेरयना के बीच यह मुक़ाबला खेला जाएगा । इस प्रतियोगिता की शुरुआत से ही यह पहला मौका है जब यह दोनों खिलाड़ी फाइनल मे जगह बना पायी है ।

इससे पहले दो फाइनल मे उक्रेन की अन्ना उशेनिना और रूस की गुनिना वालेंटीना फाइनल पहुंची एक और पहले फाइनल मे उशेनिना तो दूसरे मे गुनिना नें खिताब जीता । पहले सेमी फ़ाइनल मे चीन की विश्व नंबर 1 हाउ ईफ़ान के सामने ईरान की सारा सदात कभी भी मुक़ाबले मे नजर नहीं आयीं और पढ़ाई की वजह से शतरंज से दूर हुई विश्व नंबर 1 और पूर्व विश्व चैम्पियन हाउ ईफ़ान नें 9-2 से मुक़ाबला जीतकर फाइनल मे जगह बना ली । दूसरे सेमी फ़ाइनल मे रूस की ही दोनों खिलाड़ियों के बीच मुक़ाबला था और इसमें लागनों काटेरयना और अलेक्ज़ेंड्रा कोस्टेनियुक के बीच मुक़ाबला था । राउंड की समय सीमा खत्म होने के 3 मिनट पहले तक स्कोर 3.5-3.5 था पर अंतिम समय में दोनों बुलेट मुक़ाबले ( 1 मिनट प्रति खिलाड़ी ) में लागनों नें बाजी मारते हुए फाइनल में जगह बना ली।




## धोनी के खिलाफ फिर बोले गंभीर, कहा- इस लीजेंड खिलाड़ी की वजह से बने सफल टेस्ट कप्तान



**स्पोर्ट्स डेस्क ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी सबसे सफल कप्तानों में से एक हैं। उन्होंने टेस्ट रेंकिंग में लम्बे समय तक भारत को टॉप पर रखा। लेकिन पूर्व ओपनर गौतम गंभीर का मानना है कि टेस्ट क्रिकेट में धोनी के सफल कप्तान बनने के पीछे लीजेंड तेज गेंदबाज जहीर खान का हाथ है। गंभीर ने स्पोर्ट्स चैनल से बातचीत के दौरान कहा कि धोनी के टेस्ट में सफल कप्तान बनने का कारण जहीर खान हैं। वह (जहीर) एक आशीर्वाद था जो धोनी को मिला, जिसका श्रेय गांगुली को जाता है। मेरे हिसाब से जहीर भारत के बेस्ट वर्ल्ड क्लास गेंदबाज हैं। धोनी सबसे लकी कप्तान हैं कि उन्हें हर फार्मेट में सचिन तेंदुलकर, वीरेंद्र सहवाग, गंभीर, युवराज सिंह, यूसुफ पठान और विराट कोहली से खिलाड़ी मिले। वहीं गांगुली को बड़ी मेहनत करनी पड़ी जिस कारण धोनी इतनी सारी ट्राफियां जीत सके। गौर हो कि धोनी ने 60 टेस्ट मैचों में टीम को लीड किया है। इस दौरान धोनी ने 27 मैच जीते जबकि 18 में हार मिली। इसी के साथ ही 15 मैच ड्रा रहे। धोनी पिछले साल हुई वर्ल्ड कप के बाद से ही क्रिकेट से दूर हैं और उनके वापसी की फिलहाल कोई जानकारी नहीं है।


# लगातार 3 ओलिंपिक में 100 मीटर रेस जीतने वाले उसैन बोल्ट- कोच कहें तो ट्रैक पर वापसी करूंगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

जमैका के धावक और लगातार 3 ओलिंपिक में 100 मीटर रेस जीतने वाले उसैन बोल्ट (33) संन्यास का फैसला बदल सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि उनके पूर्व कोच ग्लैन मिल्स कहेंगे तो वे ट्रैक पर वापसी करेंगे। 8 बार के ओलिंपिक मेडलिस्ट बोल्ट ने एक मैगजीन से वीडियो इंटरव्यू में कहा कि उनका वापसी का कोई इरादा नहीं है, लेकिन कोच कहेंगे तो सबकुछ मुमकिन हो सकता है। 11 बार के वर्ल्ड चैम्पियन बोल्ट ने 2017 में लंदन वर्ल्ड चैम्पियनशिप के बाद संन्यास ले लिया था। आखिरी टूर्नामेंट में बोल्ट ने सिल्वर मेडल जीता था। बोल्ट ने 100 मीटर रेस 9.58 सेकंड और 200 मीटर रेस 19.19 सेकंड में पूरी की थी। यह वर्ल्ड रिकॉर्ड है। बोल्ट ने 3 ओलिंपिक में 8 गोल्ड जीते थे। इनमें से 2008 बीजिंग ओलिंपिक में 2, जबकि 2012 लंदन ओलिंपिक और 2016 रियो ओलिंपिक में 3-3 स्वर्ण जीते थे। बोल्ट ने कहा, ''यदि मेरे कोच वापस आते हैं और मुझसे कहते हैं कि चलो फिर से करते हैं। मैं मना नहीं करूंगा, क्योंकि मैं अपने कोच पर बहुत बहुत विश्वास करता हूं। मैं जानता हूं, यदि वे कहेंगे कि हम फिर से करेंगे, तो मुझे पूरा विश्वास है कि सब कुछ संभव होगा।'' बोल्ट ने कहा कि वे पिता बनने के बाद जीवन के साथ तालमेल बैठाने की कोशिश कर रहे हैं। उनकी गर्लफ्रेंड कासी बैनेट ने मई में बेटी को जन्म दिया। बोल्ट और बैनेट 5 साल से साथ रह रहे हैं। धावक ने कहा कि पिता बनना वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ने से ज्यादा मुश्किल है। उन्होंने कहा कि मैं रातभर बेटी को देखता रहता था। इस कारण पहले ही हफ्ते में बीमार पड़ गया था। 8 जुलाई को बैनेट का जन्मदिन था। इस मौके पर बोल्ट ने बधाई देते हुए बैनेट और बेटी की फोटो शेयर की थी। टोक्यो ओलिंपिक इसी साल 24 जुलाई से होना था, लेकिन कोरोनावायरस के कारण टाल दिया गया। अब यह गेम्स अगले साल 23 जुलाई से 8 अगस्त तक होंगे। यदि बोल्ट वापसी करते हैं, तो वे टोक्यो गेम्स के बाद फिर संन्यास ले सकते हैं। वापसी के साथ ही डिफेंडिंग चैम्पियन बोल्ट पर अच्छे प्रदर्शन करने का दबाव भी होगा।



### संक्षिप्त समाचार



## प्रो लीग से टीम को ओलंपिक से पहले लय हासिल करने में मदद मिलेगी : मनप्रीत

**नयी दिल्ली ।** भारतीय पुरूष हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह एफआईएच प्रो लीग के संशोधित कार्यक्रम से खुश हैं और उनका कहना है कि अगले साल लगातर मैच खेलने से उन्हें तोक्यो ओलंपिक से पहले लय हासिल करने में मदद मिलेगी। भारतीय टीम अपना प्रो लीग अभियान संशोधित कार्यक्रम के अनुसार अप्रैल में अर्जेंटीना के खिलाफ मुकाबले से शुरू करेगी। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने गुरूवार को संशोधित कार्यक्रम की घोषणा की। मनप्रीत ने कहा- मुझे लगता है कि अर्जेंटीना और ब्रिटेन के खिलाफ हमारे मैचों में चार हफ्ते के अंतर के बाद हम मई के अंत तक प्रत्येक सप्ताहांत लगातार मैच खेलेंगे और ओलंपिक खेलों से पहले हम इसी तरह की लय चाहते हैं। उन्होंने कहा- हम इस दौरान अपने शरीर और मानसिक मजबूती की परीक्षा लेंगे ताकि हम देख सकें कि लगातार बड़े मैचों में खेलने के बाद दबाव से कैसे निपट सकते हैं। ओलंपिक से पहले यह हमारे लिये आदर्श परीक्षण होगा। भारतीय टीम 10 और 11 अप्रैल को अर्जेंटीना से खेलेगी। मुख्य कोच ग्राहम रीड ने भी कहा कि शीर्ष देशों के खिलाफ कड़ी स्पर्धा से उनकी टीम को ओलंपिक से पहले तैयारी करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा- अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट का फिर शुरू होना काफी उत्साहजनक है और हॉकी प्रो लीग अगले साल ओलंपिक खेलों से पहले हमें शीर्ष स्तर की कठिन स्पर्धा प्रदान करेगी।

## ग्रैंडमास्टर रमेश ने भारतीय कोचों को सरकार से मान्यता नहीं मिलने पर नाराजगी जताई

**चेन्नई ।** अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के मुख्य चयनकर्ता पद से हाल ही इस्तीफा देने वाले ग्रैंडमास्टर आर बी रमेश ने शनिवार को सरकार से घरेलू कोचों को मान्यता मिलने में कमी की आलोचना करते हुए कहा कि देश को कई पदक विजेता खिलाड़ी देने के बाद भी राष्ट्रीय पुरस्कारों में उनकी अनदेखी की जाती है। चेन्नई के रमेश युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ी आर प्राग्गानंधा, उनकी बहन वैशाली, राष्ट्रीय चैंपियन अरविंद चितम्बरम और कार्तिकेयन मुरली को कोचिंग देते है। उन्होंने प्रतिद्वंद्वी गुटों के अधिकारियों के कथित हस्तक्षेप का हवाला देते हुए मंगलवार को एआईसीएफ के मुख्य चयनकर्ता के पद से इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने कई ट्वीट कर कहा- भारतीय टीम के कोच या भारतीय खिलाड़ियों के कोच के पुरस्कार के बारे पुरस्कार के बारे में जितना कम कहा जाए उतना अच्छा होगा। ' उन्होंने कहा, '' नीचे दी गयी उपलिब्धियों के बाद भी मुझे केन्द्र सरकार से एक भी पुरस्कार नहीं मिला। 1. विश्व युवा पदक = 34, 2. एशियाई युवा पदक = 40, 3. राष्ट्रमंडल पदक = 23, 4. राष्ट्रीय खिताब = 36, 5. एशियाई सीनियर पदक = 5, 6. शतरंज ओलंपियाड में कांस्य पदक। क्या कोई नीति है?


# डब्लयू.डब्लयू.ई. रैसलर अंडरटेकर ने किया खुलासा- किस रैसलर ने तोड़ दी थी उनकी नाक



**नई दिल्ली (एजेंसी) ।**

डब्लयू.डब्लयू.ई. के महानतम रैसलर्स में से एक अंडरटेकर का कहना है कि एक अकेले रे मैस्टरियो ही ऐसे रैसलर हैं जिन्होंने उनकी नाक तोड़ दी थी। अंडरटेकर ने इंस्टाग्राम लाइव चैट के दौरान इसका खुलासा करते हुए बताया कि कैसे फाइट के दौरान वह अपनी नाक लेकर बैठे रहे थे। अंडरटेकर ने कहा- जैसे ही मैस्टरियो ने वार किया। मैं उठ बैठा और मैं ऐसा था-ओह। मैं अपनी नाक देख रहा था क्योंकि यह टेढ़ी हो गई थी। मैंने अपनी नाक को पकड़ लिया, मैंने अपनी नाक को वापस सेट किया और इसे सीधे बाहर कर दिया। उस वक्त मैं सबसे अच्छा यही कर सकता था। जब मैं उठा तो सामने तीन थे, और वह तेजी से मेरी ओर बढ़ रहे थे। अंडरटेकर ने चैट के दौरन बताया कि 1999 में डब्लयूडब्लयूई बॉस की बेटी स्टैफनी के साथ शादी करने का वाक्या उन्हें सबसे रोमांचित करता है। अंडरटेकर ने कहा- तब स्टैफनी को मेरी डार्कनेस टीम के सदस्य क्रॉस पर बांधकर लाए थे। स्टैफनी तब बहुत डरी थी। तभी कैन शैमरॉक, बिग शो और स्टोन कोल्ड स्टीव ऑस्टिन ने आकर सारा काम खराब कर दिया। 30 साल लंबे करियर के बाद रिटायर हुए अंडरटेकर ने कहा- यह उनके जीवन का सबसे मजदूर क्षण था। मुझे लगता है कि शायद उस दिन स्टेफनी का अपहरण कर उससे शादी करने की ही कोशिश कर रहा था।

## रद्द चैंपियनशिप के बदले पुरस्कार राशि बांटेगा विम्बलडन




**लंदन।** वर्ष के तीसरे ग्रैंड स्लेम विम्बलडन टेनिस चैंपियनशिप को कोरोना के कारण द्वितीय विश्व युद्ध के बाद पहली बार रद्द किया है लेकिन इसकी पुरस्कार राशि को 620 खिलाड़ियों में बांटा जाएगा जो इस वर्ष इसमें हिस्सा लेने वाले थे। विम्बलडन आयोजक आल इंग्लैंड क्लब ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। विम्बलडन का आयोजन 29 जून से 12 जुलाई तक होना था लेकिन कोरोना के कारण इसे रद्द कर दिया गया। क्लब ने एक बयान में कहा कि पुरस्कार राशि को 620 खिलाड़ियों में बांटा जाएगा जो अपनी विश्व रैंकिंग के कारण सीधे इस चैंपियनशिप में मुख्य ड्रा या क्वालीफाइंग में हिस्सा लेने के योग्य थे। क्लब ने कहा कि इस चैंपियनशिप में कुल एक करोड़ पौंड (126 करोड डॉलर)) की पुरस्कार राशि दी जानी थी। क्लब ने बताया कि 224 एकल खिलाड़ियों को 12,500 पौंड प्रत्येक दिए जाएंगे जो क्वालीफाइंग में हिस्सा लेने वाले थे जबकि मुख्य ड्रा के 256 खिलाड़ियों को 25,000 पौंड प्रत्येक दिए जाएंगे।

## जरूरतमंद पूर्व खिलाड़ियों की मदद करता रहेगा मंत्रालय : रीजीजू

**नयी दिल्ली।** खेलमंत्री किरेन रीजीजू ने शनिवार को कहा कि मंत्रालय जरूरतमंद पूर्व खिलाड़ियों की आर्थिक मदद करता रहेगा क्योंकि देश के लिये खेलते समय उन्होंने जो समर्पण दिखाया है, उसके लिये वे सम्मान और गरिमा के हकदार हैं । खेल मंत्रालय बैंकाक एशियाई खेल 1998 के स्वर्ण पदक विजेता मुक्केबाज डिंको सिंह को वित्तीय सहायता दे रहा है । एथलेटिक्स के पूर्व कोच बहादुर सिंह को आनलाइन विदाई में उन्होंने कहा ,'' मुझे बहुत बुरा लगता है जब पूर्व खिलाड़ियों के पास इलाज के लिये पैसे नहीं होते या वे बहुत खराब स्थिति में होते हैं । जहां तक हो सकता है , हम सभी पूर्व और मौजूदा खिलाड़ियों की आर्थिक मदद की कोशिश करेंगे ।'' उन्होंने कहा ,'' कई एथलीटों ने पदक जीते और सफलता हासिल की और उनकी व्यवसायिक कीमत भी बहुत है । वहीं ऐसे भी खिलाड़ी हैं जिन्होंने देश के खेलों को अपना जीवन दे दिया लेकिन किन्हीं कारणों से सफल नहीं हो सके । समाज ने भी उन्हें भुला दिया ।'' रीजीजू ने कहा ,'' हम उन खिलाड़ियों की मदद करते रहेंगे जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में देश का प्रतिनिधित्व किया है लेकिन खराब माली हालत से जूझ रहे हैं ।'' बहादुर सिंह ने 30 जून को एथलेटिक्स क मुख्य कोच का पद छोड़ा चूंकि मंत्रालय के दिशा निर्देशों के तहत 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोग राष्ट्रीय शिविरों में कोचिंग स्टाफ में नहीं रह सकते । रीजीजू ने उन्हें भारतीय खेलों की महान हस्ती करार देते हुए कहा कि उनके संन्यास से एक युग का अंत हो रहा है । उन्होंने कहा ,'' शीर्ष खिलाड़ी के रूप में दो दशक , एशियाई खेलों और अन्य अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में स्वर्ण पदक और करीब तीन दशक बतौर कोच , यह उपलब्धियां अद्वितीय हैं । आप भविष्य में भी भारतीय खेल जगत को प्रेरित करते रहेंगे ।'' बहादुर सिंह ने पदक विजेता एथलीट देने के लिये पूरे भारतीय एथलेटिक्स समुदाय की प्रशंसा की । उन्होंने कहा ,'' भारत अगर एशियाई एथलेटिक्स मे अग्रणी देश बनकर उभरा है तो यह एथलीटों, कोचों, भारतीय एथलेटिक्स महासंघ, साइ और खेल मंत्रालय का मिला जुला प्रयास है ।'' उन्होंने कहा ,'' लेकिन अगर हमारे स्कूल बच्चों को खेलने दें और सुविधायें दे तो भारत वैश्विक शक्ति बन सकता है ।'' उन्होंने कहा ,'' हम अपने खिलाड़ियों को तैयारियों के लिये विदेश भेजने में काफी पैसा खर्च करते हैं जब यहां मौसम ट्रेनिंग के अनुकूल नहीं होता । भारत में इनडोर सुविधाओं की बहुत जरूरत है।''

# कोरोना के कारण खर्च हो गया सारा पैसा, ट्रेनिंग के लिए दुत्ती चंद बेचेगी अपनी कार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

भारतीय एथलीट दुती चंद को टोक्यो ओलंपिक अगले साल तक टल जाने के कारण धन की कमी का सामना करना पड़ रहा है। इससे बाहर निकलने और ट्रेनिंग पर पैसा लगाने के लिए वह अपनी कार बेचने की योजना बना रही है। दुत्ती चंद ने कहा- अभी तक प्रशिक्षण काफी अच्छा रहा है, मैं यहां भुवनेश्वर में प्रशिक्षण ले रही हूं। इससे पहले, प्रशिक्षण के लिए धन से संबंधित कोई समस्या नहीं थी क्योंकि टोक्यो ओलंपिक सामने आ रहे थे और हमारी राज्य सरकार ने मुझे सम्मानित किया था। लेकिन कोरोना वायरस के कारण ओलंपिक स्थगित कर दिए गए। मेरे प्रायोजकों ने जो मुझे पैसा दिया था वह खर्च हो गया। अब, मुझे प्रशिक्षण के लिए धन की आवश्यकता है। मुझे नए प्रायोजकों की आवश्यकता है लेकिन कोरोना वायरस के कारण मुझे उन्हें ढूंढना मुश्किल हो रहा है। अब मैंने फंड की व्यवस्था करने के लिए अपनी कार बेचने का फैसला किया है। दो बार के एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता ने कहा- सरकार के पास अभी पैसा नहीं है या यह बोल सकती हूं कि कोरोना वायरस के कारण मैं पैसे मांगती अच्छी नहीं लगती। कोरोना वायरस ने हम सभी को प्रभावित किया है, जब कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है, तो कोई भी हमें प्रायोजित करने के लिए तैयार नहीं है, हम सभी नुकसान में हैं, ये परेशानी का समय है। दुत्ती चंद ने कहा- वे सभी जो हॉस्टल में प्रशिक्षण ले रहे थे, उन्हें सबसे कठिन चोट लगी है। कोरोना वायरस के कारण सभी एथलीट प्रभावित होंगे, ओलंपिक को एक साल के लिए स्थगित कर दिया गया है।

यह सभी एथलीटों को प्रभावित करेगा। लॉकडाउन में हम सभी घर पर बने रहेंगे। इसलिए अपने सर्वश्रेष्ठ फिटनेस स्तर तक पहुंचने में 6-7 महीने लग जाएंगे। लॉकडाउन के बाद 25 मई को दो महीने के ब्रेक के बाद दुत्ती चंद ने कलिंगा स्टेडियम में दोबारा प्रशिक्षण शुरू किया है।

## जर्मनी के क्लब का बड़ा कदम, स्टेडियम को भरने के लिए करेगा 20,000 लोगों की मुफ्त कोविड-19 जांच



**बर्लिन ।** जर्मनी का फुटबॉल क्लब यूनियन बर्लिन सितंबर में दर्शकों से भरे हुए स्टेडियम में मैच कराना चाहता है और इसी के अंतर्गत वह 20,000 से ज्यादा प्रशंसकों की मुफ्त कोरोना जांच की पेशकश कर रहा है। यूनियन बर्लिन ने शुक्रवार रात को कहा कि यह बुंदेसलीगा क्लब प्रत्येक मैच से पहले 22,012 प्रशंसकों (स्टेडियम की अधिकारिक क्षमता) और क्लब के स्टाफ के परीक्षण की पेशकश करेगा। क्लब ने कहा कि मैच शुरू होने से 24 घंटे पहले स्टेडियम में प्रवेश करने वाले हर व्यक्ति का वायरस के लिए परीक्षण नेगेटिव आना चाहिए और टिकट के साथ जांच के नतीजे को भी साथ लाना होगा। क्लब नए सत्र के घरेलू लीग के पहले मैच के लिये समय पर इस योजना को लागू करना चाहता है। अन्य क्लबों ने सामाजिक दूरी से सीट पर बैठने का प्रयोग किया है लेकिन यूनियन के क्लब में छत भी हैं जहां दर्शकों को एक साथ बैठना होगा।

# फिल्मी दुनिया



## दिव्यांका त्रिपाठी और विवेक दहिया की शादी को 4 साल पूरे

**बॉलीवुड ।** टीवी की मशहूर एक्ट्रेस दिव्यांका त्रिपाठी और विवेक दहिया की आज एनिवर्सरी है। 8 जुलाई को कपल की शादी को चार साल पूरे हो गए हैं। दोनों में हमेशा जबरदस्त बॉन्डिंग देखने को मिलती है और कपल अक्सर अपनी दोनों की एक साथ की तस्वीरें शेयर करता रहता है। जिन्हें फैंस द्वारा खूब पसंद किया जाता है। आज सालगिरह के खास मौके पर कपल ने सोशल मीडिया पर स्पेशल पोस्ट शेयर किया है, जो खूब वायरल हो रहा है । दिव्यांका ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर करते हुए कैपशन में लिखा, छोटी बड़ी बातें प्यार का इजहार करने के लिए होती हैं। वहीं विवेक दाहिया ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, जब मेरी शादी हुई थी तो मैने केवल शैंपेन पी थी..या जब मैं इसे सेलिब्रेट करता हूं। कपल की लव स्टोरी की बात करें तो दोनों को टीवी शो है मोहब्बतें के सेट पर प्यार हुआ। फिर दोनों ने डेट करना शुरू किया और कुछ समय बाद शादी कर ली।

## नहीं रहे शोले के सूरमा भोपाली, 81 की उम्र में अभिनेता जगदीप का निधन



**मुंबई।** साल 2020 बॉलीवुड के लिए वाकई काल के समान बन गया है। हाल ही में बॉलीवुड के कई दिग्गज अभिनेताओं ने दुनिया को अलविदा कहा है। अब हाल ही में खबर आ रही है कि बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता जगदीप जिन्हें सूरमा भोपाली के नाम से जाना जाता था उन्होंने भी दुनिया को अलविदा कह दिया है। जगदीप ने 81 साल की उम्र में मुंबई में अंतिम सांस ली। जगदीप हिंदी सिनेमा के जाने माने अभिनेता हैं। उन्होंने दशकों तक बॉलीवुड पर राज किया है। जगदीप का असली नाम सैयद इश्तियाक अहमद जाफरी था। लेकिन हिंदी फिल्मों में आने के बाद उन्होंने अपना नाम जगदीप रख लिया था। जगदीप ने कई चर्चित फिल्मों में अपनी एक्टिंग का जादू बिखेरा है। जगदीप को सबसे ज्यादा शोहरत फिल्म शोले के सूरमा भोपाली किरदार से मिली थी।जगदीप ने करीब 400 फिल्मों में काम किया था। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट की थी। फिर कुछ फिल्मों में उन्होंने लीड रोल भी निभाया। शम्मी कपूर की फिल्म ब्रह्मचारी से उनका कॉमेडियन बनने का सफर शुरू हुआ। फिल्म अंदाज अपना अपना में उन्होंने सलमान खान के पिता का रोल निभाया था।

## आयुष्मान खुराना ने चंडीगढ़ में खरीदी कोठी, परिवार के साथ नए घर में रहने को लेकर काफी एक्साइटेड हैं एक्टर



**बॉलीवुड ।** एक्टर आयुष्मान खुराना ने पंचकूला के सेक्टर-6 में एक बड़ी कोठी खरीदी है।परिवार के बाकी सदस्यों के साथ पंचकुला में खरीदे गए अपने नए घर को लेकर आयुष्मान बेहद रोमांचित हैं। परिवार के सदस्यों में आयुष्मान के माता-पिता पूनम और पी. खुराना, आयुष्मान और उनकी पत्नी ताहिरा और अपारशक्ति और उनकी पत्नी आकृति शामिल हैं और सभी ने मिलकर चंडीगढ़ के सैटेलाइट टाउन में यह कोठी खरीदी है। इस पर आयुष्मान खुराना ने कहा, खुराना परिवार को उनका फैमिली होम मिल गया है! पूरे परिवार ने मिलकर इस नए घर को खरीदने का फैसला लिया जिसमें अब पूरा खुराना परिवार साथ में रह सकता है। हमें अपने इस नए पते पर नई और खूबसूरत यादों को बनाने का इंतजार है। सूत्रों की मानें तो आयुष्मान खुराना को एक बड़े घर की तलाश थी, जिसमें पूरा परिवार एक साथ रह सके। उन्होंने हाल ही में यह प्रॉपर्टी खरीदी है और अभी उन्हें यहां आकर रहने में कुछ वक्त लगेगा। बता दें आयुष्मान खुराना की कोठी वीआईपी सेक्टर में है, यहां कई बड़े बिजनेसमैन,आईएएस और आईपीएस रहते हैं। उनकी यह कोठी पंचकूला के सेक्टर-6 में 869.50 स्क्वायर मीटर एरिया में है।

## श्वेता तिवारी की लाडली ने करवाया फोटोशूट

**मुंबई।** एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की लाडली पलक तिवारी ने चाहे इंडस्ट्री में कदम नहीं रखा है लेकिन वह अपने लुक्स और स्टाइल को लेकर हमेशा चर्चा में रहती हैं। आए दिन पलक की तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाईं रहती हैं। हाल ही में पलक ने अपने इंस्टा पर कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में वह बेड पर लेट कातिलाना अंदाज में पोज दे रही हैं। लुक की बात करें तो पलक ब्लैक आउटफिट में दिख रही हैं। लाइट मेकअप, ओपन हेयर्स उनके लुक को परफेक्ट बना रहे हैं। पलक तिवारी की मासूमियत और उनका सादगी भरा लुक काफी आकर्षक लग रहा है। फैंस उनकी इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं। बता दें कि पलक ने पहली बार अपने बोल्ड अवतार से फैंस को इंप्रेस किया हो। पलक सोशल मीडिया पर खासा एक्टिव रहती हैं। पलक को सोशल मीडिया पर बड़ी फैन फॉलिंग हैं, शायद इसीलिए उनकी तस्वीरें वायरल होने में समय नहीं लेती हैं। पलक श्वेता तिवारी के पहले पति राजा चौधरी की बेटी हैं।

# ब्रीदः इन टू द शैडोज में अपने डिजिटल डेब्यू को लेकर अभिषेक बच्चन ने कियाबड़ा खुलासा

**नई दिल्ली।**



अमेजन प्राइम वीडियो के अगले मूल शो ब्रीद इन टू द शैडोज के ट्रेलर को रिलीज के बाद से ही, दर्शकों से बेहद सराहना मिल रही है। यह शो विशेष रूप से अमेज़ॅन प्राइम वीडियो पर 200 से अधिक देशों और क्षेत्रों में दुनिया भर में लॉन्च होगा। ऑल-न्यू क्राइम थ्रिलर के साथ बॉलीवुड के प्रख्यात अभिनेता अभिषेक बच्चन अपना डिजिटल डेब्यू कर रहे है, जिन्होंने हाल ही में इंडस्ट्री में 20 साल पूरे किए हैं।इंडस्ट्री में 20 साल पूरे करने के बाद, ब्रीद जैसा अवसर पाने के लिए आभारी महसूस कर रहे, अभिषेक बच्चन ने हाल ही में एक इंटरव्यू में साझा किया, फ्रमुझे लगता है कि अधिकांश अभिनेता आपको बताएंगे कि हम स्लिप फील्डर्स के समान हैं। आपको तैयार रहना होता है क्योंकि आप कभी नहीं जानते हैं कब कौन आप पर शूटिंग करते हुए सामने से आ सकता है, तो आपको बस उस पर कब्जा करना होता है। यह सब बहुत ज्यादा इसी तरह काम करता है। जैसे मैंने कहा कि आप भाग्यशाली होते है और चीजें अपने आप अपनी जगह बना लेती हैं। मुझे लगता है कि %ब्रीद- इन टू द शैडोज़% के बारे में सबसे अद्भुत और महत्वपूर्ण यह है कि यह अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज़ हो रही है। मुझे लगता है कि स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म जो सबसे पहले आपको दे रहा हैं, वह विशाल प्रतिभा का एक भंडार है जिसे परंपरागत रूप से फिल्म बनाने का अवसर प्राप्त नहीं हो सकता था। इसलिए रचनात्मक प्रतिभा के लिए एक और मंच उपलब्ध होने के कारण, आपके पास एक अन्य प्लेटफार्म है जिसके माध्यम से आप अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं। तो इसका मतलब है कि मांग और आपूर्ति दोनों में वृद्धि हुई है इसलिए बहुत सा टैलेंट सामने आ रहा है। इसके अलावा इस प्लेटफॉर्म के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि आपका ब्रांड कोई मायने नहीं रखता है।मेरे कहने का मतलब यह है कि मैं यहां 20 वर्षों से सिनेमा में मेरे सफर के साथ, 66 फिल्में करने के साथ-साथ मैं एक अभिनेता, एक निर्माता, एक गायक और एक वॉयसओवर कलाकार हूं लेकिन जब आप एक वेब शो कर रहे हैं तो यह कुछ भी मायने नहीं रखता है क्योंकि उन्हें फर्क नहीं पड़ता है।जब हमने 2018 में पहली बार ब्रीद की शूटिंग शुरू की थी जो कि 2 साल पहले, मैं खुद ही यह सोच रहा था किउस समय के दो सबसे लोकप्रिय शो, ऐसे शो थे जिनमें पूरी तरह से नए चेहरे थे और ये विश्व प्रसिद्ध शो हैं और उन अभिनेताओं ने शायद इससे पहले पेशेवर रूप से काम नहीं किया है, लेकिन आज बहुत बड़े स्टार हैं। यह सीरीज अबुंदंतिया एंटरटेनमेंट द्वारा बनाई और निर्मित की गई है और मयंक शर्मा द्वारा रचित और निर्देशित की गई है। शो को भवानी अय्यर, विक्रम तुली, अरशद सैयद और मयंक शर्मा ने चतुराई से लिखा है। इस सीरीज के साथ प्रशंसित अभिनेता अमित साध एक बार फिर वरिष्ठ निरीक्षक कबीर सावंत की अपनी पुरस्कार विजेता भूमिका में नजर आएंगे। और साथ ही इस सीरीज़ में निथ्या मेनन और सैयामी खेर भी प्रमुख भूमिका निभा रही है। तो आप भी अपना कैलेंडर चिह्नित कर लीजिए क्योंकि यह शो 10 जुलाई को रिलीज़ के लिए तैयार है।



## कोरोना के कहर के बीच आउटिंग पर निकली किम, डीपनेक जंपसूट में दिखा ऐसा लुक

**लंदन।**


टीवी रियलिटी स्टार किम कार्दाशियन अपनी तस्वीरों की वजह से हमेशा ही चर्चा में रहती हैं। आए दिन उनकी तस्वीरें सोशल साइट पर तहलका मचाती रहती हैं। हाल ही एक बार फिर किम की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं। तस्वीरों में उनका बोल्ड लुक देखने को मिल रहा है। लुक की बात करें तो किम लैदर जंपसूट में दिख रही हैं। इस ड्रेस में उनके क्लीवेज साफ दिख रहे हैं। हेयरस्टाइल की बात करें तो उन्होंने बालों को ओपन रखा है। इस दौरान किम ने कोरोना से खुद के बचाव के लिए मास्क पहन रखा है। किम ने लाइट मेकअप से अपने लुक को पूरा किया लहै। इस दौरान उन्होंने ड्रेस के साथ मैचिंग गम बूट्स पेयर किए थे। उनकी तस्वीरों ने सोशल साइट पर तहलका मचा दिया है। बता दें कि किम सोशल साइट पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह आए दिन फैस के साथ अपनी तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। किम बॉलीवुड एक्ट्रैसेस के लिए रोल मॉडल रही हैं। बॉलीवुड की हसीनाएं किम के लुक को कॉपी करती रहती हैं।

## मेकर्स ने किया खुलासा, डिजटल रिलीज होगी राजकुमार की ओमर्टा इस दिन.....

**नई दिल्ली।**

भारत का सबसे बड़ा वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म, ज़ी5 बैक-टू-बैक ओरिजिनल और विभिन्न शैली व भाषाओं में डिजिटल रिलीज के साथ अद्वितीय मनोरंजन प्रदान करने में सबसे आगे रहा है। और अब सबसे बहुप्रतीक्षित डिजिटल रिलीज में से एक, ओमर्टा का प्रीमियर 25 जुलाई को विशेष रूप से जी5 पर किया जाएगा। हंसल मेहता द्वारा निर्देशित, इस तेजतर्रार फिल्म में, राजकुमार राव द्वारा कुख्यात आतंकवादी अहमद उमर सईद शेख का चित्रण प्रामाणिक और क्रूर है। फिल्म में राजेश तैलंग, रूपिंदर नागरा, केवल अरोरा और टिमोथी रयान हिकर्नेल प्रमुख भूमिकाओं में हैं और यह स्विस एंटरटेनमेंट के नाहिद खान, करमा फीचर्स द्वारा निर्मित है और एनएच स्टूडियोज के नरेंद्र हीरावत द्वारा वितरित किया गया है। ओमेर्टा एक विशेषज्ञ की रोमांचक थ्रिलर फिल्म है, जिसमें एक आदमी के चौंकाने वाले विरोधाभास और पाकिस्तानी मूल के ब्रिटिश नागरिक अहमद उमर सईद शेख की यात्रा के बारे में बताया गया है, जिसने दिल्ली में पर्यटकों के अपहरण से लेकर कंधार ढ्ढष्ट814 को हाइजैक करने से ले 9/11, डैनियल पर्ल का अपहरण और मर्डर से ले कर मुंबई पर 26/11 के हमलों तक दुनिया के कुछ सबसे चुनौतीपूर्ण कामों में एक गुमनाम भूमिका निभाई है। उमर के सफ़र को कवर करते हुए फिल्म लंदन, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, दिल्ली और मुंबई के विभिन्न स्थानों से होकर गुजरती है, जिसे लेंसमैन अनुज राकेश धवन (सोनचिरैया, बाला, शाहिद) ने बड़ी विशेषज्ञता के साथ कैप्चर किया है। ओमेर्टा के प्रमुख अभिनेता राजकुमार राव कहते हैं, फ्रओमेर्टा में ओमर का किरदार निभाना निश्चित रूप से सबसे चुनौतीपूर्ण किरदारों में से एक है जिसे मैंने आज तक पर्दे पर निभाया है। इसने मुझे भावनात्मक और शारीरिक, दोनों रूप से पूरी तरह से निचोड़ दिया था। मैं कभी सोच भी नहीं सकता था कि इस किरदार को निभाते हुए, मुझे ऐसी अंधेरी जगहों से गुज़रना पड़ेगा। यह हमारे समय के सबसे घातक आतंकवादियों में से एक के बारे में है और हंसल सर ने मुझे इस किरदार को निभाने के लिए अपनी सीमाओं के पार जाने के लिए प्रोत्साहित किया। यह बहुत अच्छी बात है कि ज़ी5 द्वारा इस फिल्म का प्रीमियर डिजिटल रूप से किया जाएगा, जिसे सम्पूर्ण दुनिया देख सकेगी। निर्देशक हंसल मेहता कहते हैं,फ्रयह कई स्थानों पर शूट करने से ले कर प्रतिकूल मौसम की स्थिति और सीमित संसाधनों के साथ बनाने के लिए बिल्कुल भी आसान फिल्म नहीं थी। हमारे पास पर्याप्त मात्रा में बस दिल था। पूरी टीम ने प्रक्रिया के हर मिनट में अपनी पूरी जी-जान लगा दी है। मैं उनके प्रयासों और दृढ़ता के लिए एक अनुकरणीय कलाकारों और चालक दल के प्रति अपना आभार व्यक्त करना चाहूंगा। यह राजकुमार राव के साथ मेरा 5वां सहयोग था और शायद एक अभिनेता के रूप में यह उनकी सबसे बड़ी चुनौती थी। शाहिद, सिटीलाइट्स और अलीगढ़ जैसी फिल्में एक साथ करने के बाद, हम इस फिल्म के नायक उमर शेख के माध्यम से एक चरित्र के आंतरिक अंधेरे को खोज रहे थे।

## इलियाना डिक्रूज ने शेयर कीं किलर अंदाज की तस्वीरें, ब्लैक एंड व्हाइट लुक देख फैंस ने बांधे तारीफों के पुल



**बॉलीवुड ।**

एक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा एक्ट्रेसेस में से एक है। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस बड़ी फैन फॉलोविंग को एन्जॉए करती हैं। उनकी कैजुअल लुक की तस्वीर भी इंटरनेट पर आते ही वायरल हो जाती हैं तो फिर ग्लेमरस तस्वीरों के तो क्या कहने। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी दिलकश अंदाज की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं, जिन्हें फैंस धड़ड़ले से लाइक कर रहे हैं। एक्ट्रेस ने जो तस्वीरें शेयर की हैं उनमें हसीना का बेहद किलर अंदाज देखने को मिल रहा है। उनकी तस्वीरें देखते ही फैंस की धड़कने तेज हो जाएंगी। लुक की बात करें तो इस दौरान एक्ट्रे स्ट्रिप्ड पैंट सूट पहने नजर आ रही हैं। ओपन हेयर्स और उनका कातिलाना अंदाज उनके लुक को और भी अट्रैक्टिव बना रहा है। ब्लैक एंड व्हाइट लुक की तस्वीर में देख फैंस उन्हें खूब लाइक कर रहे हैं और कमेंट कर उनकी तारीफ भी कर रहे हैं। काम के मोर्चे पर, इलियाना बहुत जल्द अभिषेक बच्चन और सोहम शाह के साथ अपनी अगली फिल्म में दिखाई देंगी। ये फिल्म डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। काम के मोर्चे पर, इलियाना बहुत जल्द अभिषेक बच्चन और सोहम शाह के साथ अपनी अगली फिल्म में दिखाई देंगी। ये फिल्म डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। एक्ट्रेस को आखिरी बार जॉन अब्राहम के साथ फिल्म पागलपंती में देखा गया था।

# नेपोटिजम के आरोपों पर पूजा भट्ट ने कंगना पर साधा निशाना, बोलीं आपको भी हमने लॉन्च किया था

**बॉलीवुड ।**


सुशांत सिंह राजपूत की आत्महत्या के बाद से बॉलिवुड में नेपोटिजम के मुद्दे का कोई अंत दिखाई नहीं दे रहा। आए दिन किसी न किसी स्टार का इस मुद्दे पर रिएक्शन सामने आता रहता है। वहीं बॉलीवुड क्वीन ने भी अब तक नेपोटिज्म को लेकर कई तरह के खुलासे किए है। कंगना के खुलासों पर अब आलिया भट्ट की बहन पूजा भट्ट जमकर निशाना साधा है।कंगना रनौत को निशााने पर लेते हुए पूजा भट्ट ने ट्वीट कर कहा, कंगना रनौत को भी भट्ट कैंप के प्रॉडक्शन हाउस विशेष फिल्म्स ने अपनी फिल्म गैंगस्टर से कंगना को लॉन्च किया था और आज वही भट्ट कैंप पर नेपोटिजम का आरोप लगा रही हैं। हालांकि पूजा ने अपने ट्वीट में कंगना को ग्रेट टैलेंट भी बताया है।पूजा ने अगले ट्वीट में कहा,एक समय था जब भट्ट पर स्टार्स के खिलाफ कुछ करने का आरोप लगाया गया था और अब वही लोग नेपोटिज्म कार्ड खेलते हैं? भट्ट परिवार पर नेपोटिजम के आरोपों पर पूजा भट्ट ने कहा कि उनके प्रॉडक्शन हाउस ने कई नए टैलेंट्स, एक्टर्स, म्यूजिशन और टैक्निशिन्स को मौका दिया है।बता दें अब वही लोग नेपोटिज्म कार्ड खेलते हैं? भट्ट परिवार पर नेपोटिजम के आरोपों पर पूजा भट्ट ने कहा कि उनके प्रॉडक्शन हाउस ने कई नए टैलेंट्स, एक्टर्स, म्यूजिशन और टैक्निशिन्स को मौका दिया है।बता दें बॉलिवुड में नेपोटिजम ने तब जोर पकड़ा जब सबसे पहले कंगना ने करण जौहर के टॉक शो में इसके बारे में बात की थी।

कंगना ने में करण जौहर पर भी नेपोटिजम को बढ़ावा देने का आरोप लगाया था। अब महेश भट्ट और उनकी फैमिली पर भी नेपोटिजम के आरोपों के घेरे में फंस रहे हैं तो पूजा भट्ट ऐसे आरोपों के खिलाफ आगें आईं हैं।



Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# इंतजार खत्म...आज होगा मंत्रियों के विभागों का बंटवारा- सीएम शिवराज



**ग्वालियर(एजेंसी)।**

विभागों के बंटवारे को लेकर सीएम शिवराज सिंह चौहान ने एक बड़ा बयान दिया है। चौहान ने कहा है कि विभागों को बंटवारा कल यानी रविवार को होगा। दरअसल, शिवराज सिंह चौहान शनिवार को ग्वालियर दौरे पर हैं। उनके साथ गृह एंव स्वास्थ्य मंत्री नरोत्तम मिश्रा भी ग्वालियर पहुंचे हैं। सीएम ने इस दौरान जयारोग्य अस्पताल का निरिक्षण किया और कोरोना को लेकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वहां उन्होंने क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप की बैठक ली और अब तक कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए उठाए गए कदमों की समीक्षा की बैठक के बाद मोती महल शिक्षित संभागीय आयुक्त सभागार में मीडिया कर्मियों से बातचीत की। बता दें कि 2 जुलाई को मध्यप्रदेश की शिवराज सरकार के मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ था, जिसमें 20 केबीनेट और 8 राज्यमंत्री बनाये गये थे लेकिन एक सप्ताह से ज्यादा समय हो गया और आपसी खींचतान के चलते आज तक विभागों का बंटवारा नहीं हो पाया। आज मुख्यमंत्री के कहने से लगता है 12 जुलाई रविवार को विभागों का आवंटन हो जायेगा। हालांकि सीएम शिवराज ऐसी घोषणा एक बार पहले भी कर चुके हैं लेकिन विभागों का बंटवारे को लेकर खींचतान रही है। इस दौरान सीएम शिवराज ने उम्मीद जताई कि ग्वालियर चंबल संभाग के एक्टिव केस में आने वाले 10 दिनों में बेहतर रिजल्ट मिलेंगे। उन्होंने इस बात को माना कि ग्वालियर चंबल संभाग में कोरोनावायरस का शुरुआत में कोई असर नहीं था लेकिन अनलॉक फेज वन में लोगों के आने-जाने में दी गई छूट से संक्रमण बढ़ा है।

उन्होंने इस बात पर खुशी जताई थी कि चंबल संभाग के लोगों में रोग प्रतिरोधक क्षमता ज्यादा है। इसलिए कोरोना का अटैक दूसरे महानगरों के मुकाबले यहां कम हुआ है और जो हो भी रहा है वह जल्द ही रिकवर भी कर रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि अभी हमारा स्थान देश में 12वे नंबर पर है जो पहले चौथे नंबर पर हुआ करता था। किल कोरोना अभियान के तहत अब तक साढ़े पांच करोड़ लोगों का डोर टू डोर सर्वे हो चुका है।

जबकि प्रदेश में सभी साढ़े सात सौ करोड़ लोगों का डोर सर्वे होगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कोरोनावायरस की रोकथाम के लिए 2 गज की दूरी मास्क की जरूरी और हाथ बार-बार धोने से बचा जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार



## नेपाल में सत्ता की चाबी चीन के हाथ ! ड्रेगन की बदौलत ओली को मिला एक हफ्ते का वक़्त

**काठमांडू।** नेपाल में चीन की शह पर प्रधानमंत्री के.पी.शर्मा ओली द्वारा की गई भारत विरोधी टिप्पणियों के चलते सियासी घमासान मचा हुआ है। इस बीच चीन का दखल नेपाल में हद से ज्यादा बढ़ता जा रहा है। नेपाल के सियासी भूचाल ने साबित भी कर दिया है कि नेपाल की सत्ता की चाबी ड्रेगन के हाथ में है। चीन की बदौलत प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली के राजनीतिक भविष्य का फैसला करने वाली नेपाल की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी की बैठक लगातार पांचवीं बार टल गई है। इस बार इसे देश में बाढ़ आने की वजहों का हवाला देते हुए एक हफ्ते के लिए टाल दिया गया है। उधर चीन की राजदूत होउ यांगकी और नेपाल के शीर्ष नेताओं के बीच बैठकों का दौर बढ़ता जा रहा है। चीनी राजदूत ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री और नेपाल कम्यूनिस्ट पार्टी (एनसीपी) के चेयरमैन पुष्प कमल दहल उर्फ प्रचंड से मुलाकात की थी जिसके बाद माना जा रहा था कि ओली को राहत मिल सकती है। भारत विरोधी टिप्पणियों और कामकाज की शैली को लेकर ओली के इस्तीफे की मांग की जा रही है. नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी की 45 सदस्यीय शक्तिशाली स्थायी समिति की बैठक शुक्रवार को होनी थी। माय रिपब्लिक अखबार ने एनसीपी प्रवक्ता नारायण काजी श्रेष्ठ के हवाले से कहा कि बचाव एवं राहत कार्यों और देशभर में बाढ़ तथा भूस्खलनों से और नुकसान को होने से रोकने के प्रयासों में पार्टी के लगे होने के कारण बैठक टाल दी गई है। नेपाल के सिंधुपालचोक जिले में मूसलाधार बारिश से आई बाढ़ में कई मकानों के बह जाने से गुरूवार को एक बच्चे समेत कम से कम दो लोगों की मौत हो गई जबकि 18 अन्य लापता हो गए।

# कोरोना के प्रसार को रोकने के लिए सामाजिक अनुशासन जरूरीः मोदी



**नई दिल्ली(एजेंसी)।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सार्वजनिक स्थानों पर सामाजिक अनुशासन के पालन पर जोर देते हुए आज कहा कि कोरोना महामारी के संक्रमण के फैलाव को रोकना बेहद अधिक जरूरी है। मोदी ने यहां एक बैठक में देश में कोरोना महामारी से उत्पन्न स्थिति की समीक्षा के दौरान यह बात कही। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्ष वर्धन, नीति आयोग के सदस्य, कैबिनेट सचिव एवं भारत सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। प्रधानमंत्री ने देश के विभिन्न हिस्सों में कोविड-19 महामारी की स्थिति एवं विभिन्न राज्यों की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिया, हमें निश्चित रूप से व्यक्तिगत स्वच्छता तथा सार्वजनिक स्थानों पर सामाजिक अनुशासन का पालन करने की आवश्यकता को दोहराना चाहिए।

कोविड के बारे में जागरूकता का व्यापक रूप से प्रचार किया जाना चाहिए और संक्रमण के फैलाव को रोकने पर निरंतर जोर दिया जाना चाहिए। इस संबंध में किसी भी प्रकार के आलस्य की कोई जगह नहीं है। प्रधानमंत्री ने दिल्ली में महामारी की स्थिति को नियंत्रित करने में केंद्र, राज्य तथा स्थानीय अधिकारियों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि समस्त एनसीआर क्षेत्र में कोविड-19 महामारी को नियंत्रित करने में अन्य राज्य सरकारों को भी इसी प्रकार के दृष्टिकोण का अनुसरण करना चाहिए।

## कृष्ण टेंपल विवाद के बीच इस्लामाबाद के प्रसिद्ध राम मंदिर में पूजा पर भी लगा बैन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लाबाद में पिछले सप्ताह श्रीकृष्ण मंदिर के निर्माण पर रोक लगाने के विवाद के बीच यहां के सैदपुर गांव में स्थित प्रसिद्ध राम मंदिर में हिंदू श्रद्धालुओं के पूजा-अर्चना करने पर बैन लगा दिया गया है। इस मंदिर के केयरटेकर मुसलमान हैं। इस्लामाबाद में हिमालय की तलहटी में दबा हुआ सोलहवीं शताब्दी का यह वही राम मंदिर जहां मान्यता है कि 14 साल के वनवास के दौरान भगवान राम, सीता और लक्ष्मण के साथ रहते थे। बाद में इस स्थल को मंदिर का रूप दे दिया गया था। सदियों से, इस राम मंदिर में पूजा करने के लिए दूर-दूर से हिंदू आते रहे हैं। ये श्रद्धालु शांतिपूर्वक इस धर्मशाला में ठहरते थे, जिसे आज के समय में सैदपुर गांव कहा जाता है। आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार, 1893 तक यहां एक तालाब के पास हर साल एक मेले का आयोजन किया जाता था। . मान्यता है कि भगवान राम ने एक बार इस तालाब से पानी पिया था हालांकि, अब ये तालाब एक दुर्गंध वाला नाला बन चुका है। बता दें बीते जून महीने में पाकिस्तान सरकार ने इस्लामाबाद में कृष्ण मंदिर बनाने की मंजूरी दी थी यह मंदिर इस्लामाबाद का पहला हिंदू मंदिर होता। हालांकि कट्टरपंथियों ने इस मंदिर की बन रही दीवार गिराने के बाद पाकिस्तान सरकार को 20 हजार वर्ग फुट पर बन रहे मंदिर के निर्माण पर रोक लगानी पड़ी। ऑल पाकिस्तान हिंदू राइट्स मूवमेंट के एक सर्वे में सामने आया था।

## अवैध शराब कारोबारियों पर पुलिस की नजर, शराब के साथ एक गिरफ्तार

**साम्बा।** रामगढ़ पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से जेके स्पेशल विहस्की की 13 बोतल 13 बोतलें बरामद की। विश्वसनीय सूचना पर कार्रवाई करते हुए रामगढ़ की एक पुलिस पार्टी ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया और उसके कब्जे से जेके स्पेशल व्हिस्की (प्रत्येक में 180 मिली) की कुल 13 बोतलें बरामद की गई। आरोपी का नाम निशांत सिंह पुत्र दलीप सिंह निवासी बंदराल-रामगढ़ बताया गया है जो कमाई के लिए आम लोगों के बीच अवैध रूप से यह शराब बेचता था।

## विकास दुबे की मौत पर भड़की पत्नी, बोली- मैं भी उठाऊंगी बंदूक

**नेशनल डेस्क।** कानपुर के सचेंडी में एसटीएफ के साथ कथित मुठभेड़ में मारे गए गैंगस्टर विकास दुबे की पत्नी ने कहा है कि उसके पति ने गलत किया था और उसके साथ यही होना था। दुबे के अंतिम संस्कार के वक्त उसकी पत्नी रिचा ने मीडिया कर्मियों से काफी नाराजगी से बात की। उसने एक सवाल पर कहा हां, हां, हां, विकास ने गलत किया था और उसके साथ यही होना था। रिचा ने दुबे का अंतिम संस्कार कवर करने आए मीडिया कर्मियों पर गुस्सा उतारा और उन्हें वहां से चले जाने को कहा। उसने दुबे की मुठभेड़ में मौत के लिए मीडिया को जिम्मेदार बताया। इतना ही नहीं इस दौरान उन्होंने सबको सबक सिखाने और जरूरत पड़ने पर हथियार उठाने की भी बात कही। इससे पहले विकास दुबे की पत्नी ऋचा ने उसका शव लेने से इंकार कर दिया था। इसके बाद विकास के बहनोई दिनेश तिवारी पोस्टमार्टम हाउस से विकास का शव लेने के लिए पहुंचे। यह वही दिनेश है जिसे पुलिस ने पिछले हफ्ते कानपुर के बिकरू गांव में 8 पुलिसकर्मियों की हत्या के फौरन बाद पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था। इस वारदात का मुख्य आरोपी पांच लाख रुपये का इनामी बदमाश विकास दुबे शुक्रवार सुबह कानपुर के सचेंडी इलाके में पुलिस और एसटीएफ के साथ मुठभेड़ में मारा गया।

## उम्मीद की किरणः कोरोना से बचने में मददगार साबित हो रही टीबी की वैक्सीन

**इंटरनेशनल डेस्क(एजेंसी)।**

कोरोना वायरस महामारी का आंतक पूरी दुनिया झेल रही है। इस वायरस को लेकर लोग खौफ में हैं कारण है अब तक इसका उपचार न मिलना। हालांकि विश्व के कई देशों के वैज्ञानिक इसकी दवा खोजने में लगे हैं और अमेरिका, ब्रिटेन व भारत सहित कई देशों में इसकीवैक्सीन का ट्रायल अंतिम चरण में पहुंच चुका है। इस बीच कोरोना महासंकट से उबरने के लिए एक उम्मीद की किरण नजर आ रही ट्यूबरकुलोसिस (टीबी) के लिए इस्तेमाल की जाने वाली सदियों पुरानी दवा क्ष्ट्टत्त । एक स्टडी में पाया गया है कि अमेरिका जैसे विकसित देश के स्टेट्स के मुकाबले लैटिन अमेरिका और दूसरे विकासशील देशों में मृत्युदर कम होने के पीछे एक कारण टीबी की वैक्सीन हो सकती है। वर्जिनिया टेक के कॉलेज ऑफ नैचरल रिसोर्सेज ऐंड एन्वायरन्मेंट में असिस्टेंट प्रफेसर लुइस एस्कोबार ने इस बात पर रिसर्च की कि कुछ विकासशील देशों में अमेरिका के स्टेट्स के कम मृत्युदर कैसे हैं, जबकि वहां आबादी ज्यादा भी है और घनी भी। स्टडी में पाया गया कि जिन देशों में कोविड-19 की वजह से मृत्युदर कम है, वहां लोगों की उम्र, आय और हेल्थ केयर सुविधाओं को लेकर भारी विविधता थी। हालांकि, इन सब में एक चीज समान थी- टीबी का वैक्सिनेशन प्रोग्राम। टीबी की दवा बेसिलस कैलमेट-ग्यूरिन को आमतौर पर अमेरिका में इस्तेमाल नहीं किया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक यह बीमारी विकासशील देशों में ही ज्यादा होती है। स्टडी में पाया गया कि क्ष्ट्टत्त वैक्सीन प्रोग्राम और कोरोना के कारण मृत्युदर में आपस में गहरा संबंध है। रिसर्चर्स का कहना है कि क्ष्ट्टत्त इंडेक्स में 10त्न बढ़ोतरी के साथ कोविड-19 की मृत्युदर 10.4त्न कम हो जाती है। वैक्सीन लगभग 100 साल पहले तैयार की गई थी। इससे ट्यूबरकुलोसिस या टीबी (तपेदिक) के बैक्टीरिया के खिलाफ इम्यूनिटी पैदा होती है। इसके टीके से लोगों इम्यून सिस्टम बेहतर होता है और खुद को कई संक्रमणों से बचाया जा सकता है। वैक्सिनेशन के 60 साल के बाद तक अधिकतर लोगों में टीबी का बैक्टीरिया नहीं प्रवेश कर सका। यह टीका कई अन्य संक्रामक रोगों के खिलाफ भी मानव शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाता है, जैसा कोरोना के केस में माना जा रहा है। स्पेन में कोरोना वायरस के कारण 16 हजार से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं। स्पेन इटली, फ्रांस और अमेरिका के साथ उन देशों की लिस्ट में है जहां बीसीजी वैक्सीन का टीका नहीं लगाया जाता है।

## पुलिस ने पशु तस्कर दबोचा, 4 पशु कराए मुक्त



**साम्बा।** साम्बा पुलिस ने एक पशु तस्कर को गिरफ्तार कर लिया और इसके कब्जे से 4 दुधारू मवेशियों को भी मुक्त करवाया। बताया गया है कि सूचना मिलने पर साम्बा थाने की एक पुलिस पार्टी ने मानसर मोड़ में नाका लगाया और वाहनों की चेकिंग के दौरान एक टाटा मोबाइल वाहन को रोका गया। यह वाहन (जेके08एफ-9028) जो साम्बा-मानसर-उधमपुर मार्ग से घाटी की ओर जा रहा था, कि चैकिंग के दौरान 4 मवेशी पाए गए जो बिना किसी अनुमति के वाहन के अंदर लदे पाए गए। आरोपी चालक की पहचान जाकिर हुसैन पुत्र मुराद बक्श निवासी गांव मनोहर गोपाल, साम्बा के रूप में हुई है। पुलिस ने सभी मवेशियों को बचा लिया और उन्हें घगवाल पुलिस थाने की गौशाला में स्थानांतरित कर दिया गया। पुलिस ने इस्तेमाल किए गए वाहन को भी मौके पर जब्त कर लिया व इस संबंध में आईपीसी की धारा 188, पशु क्रूरता अधिनियम 11 के तहत मामला दर्ज कर कारवाई शुरू कर दी है।

# न्याय के मंदिर का दरवाजा कभी नहीं होगा बंद...सुप्रीम कोर्ट ने दिया भरोसा



**नेशनल डेस्क(एजेंसी)।**

न्याय के मंदिर का दरवाजा कभी भी बंद नहीं किया जा सकता। उच्चतम न्यायालय ने यह टिप्पणी शुक्रवार को उस विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) की सुनवाई के दौरान की जिसमें एक कर्मचारी के कोरोना से संक्रमित होने के कारण राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) में सुनवाई लंबित होने के खिलाफ शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया गया था। न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा, न्यायमूर्ति एस अब्दुल नज़ीर और न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी की खंडपीठ ने कहा कि न्याय के मंदिर का दरवाजा कभी भी बंद नहीं किया जा सकता। न्यायालय ने एसएलपी का यह कहते हुए निपटारा कर दिया कि एनसीएलएटी को ऑनलाइन सुनवाई का कोई तरीका ढूंढना चाहिए था। न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि हम एनसीएलएटी से आग्रह करते हैं कि वह अंतरिम रोक के मामले में न्यायाधिकरण के खुलते है सुनवाई करे। इसके साथ ही न्यायालय ने 'मैसर्स मराठे हॉस्पिटैलिटी बनाम महेश सुरेखा मामले का निपटारा कर दिया। अपीलकर्ता ने एनसीएलटी, मुंबई के आदेश को एनसीएलएटी में चुनौती दी है, लेकिन गत दो जुलाई से वहां न्यायिक कार्य निलंबित कर दिया ।

# दिल्ली से लापता किशोरी कवारंटीन सेंटर में पहुंची, जिला पुलिस ने परिजनों को सौंपी

**साम्बा।** साम्बा जिला पुलिस ने एक लापता लडक़ी को बरामद किया और उसे अपने परिवार के साथ फिर से मिलवाया। इस नाबालिगा की गुमशुदगी की रिपोर्ट नई दिल्ली के जगतपुरी पुलिस थाने में दर्ज थी। बताया गया है कि यह लडक़ी गत दिवस विजयपुर के ठंडी खुई कवारंटीन सेंटर में पहुंची थी। कवारंटीन सेंटर में अकेली मौजूद इस लडक़ी को देख कर वहां मौजूद अधिकारियों ने इससे पूछताश की तो पता चला कि यह दिल्ली से आई है। चूंकि लडक़ी नाबालिग थी और आसानी से असामाजिक तत्वों का शिकार हो सकती थी, इसलिए पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। एसएचओ विजयपुर सुधीर सढ़ोत्रा ने तुरंत किशोर लडक़ी को जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड साम्बा के समक्ष पेश किया, जिसने उसे बाल कल्याण समिति जक्ख, साम्बा को सौंप दिया। साम्बा पुलिस और बाल कल्याण समिति साम्बा के निरंतर संयुक्त प्रयासों से, लापता लडक़ी के सही पते का पता लगाया गया और दिल्ली के संबंधित पुलिस स्टेशन से संपर्क किया गया, जहां लडक़ी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इस पर, दिल्ली पुलिस ने उक्त लापता लडक़ी के माता-पिता के साथ एक टीम को तैनात किया। सभी कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद, उक्त लापता लडक़ी को चेयरपर्सन चाइल्ड वेलफेयर कमेटी साम्बा, पुलिस स्टेशन विजयपुर की पुलिस टीम और जगतपुरी, पुलिस थाना, नई दिल्ली की पुलिस टीम की मौजूदगी में लडक़ी को उसके सौंप दिया गया। लापता लडक़ी के माता-पिता ने साम्बा पुलिस के साथ-साथ चाइल्ड वेलफेयर कमेटी साम्बा के सदस्यों का का आभार व्यक्त किया।

## जीव का नीला खून कोरोना से बचाएगा?

**नेशनल डेस्क।** गर्मी के महीनों में, खासकर पूर्णिमा की रात को हजारों की संख्या में ये खास जीव अमेरिकी मध्य अटलांटिक के समुद्र तट पर पहुंचते हैं। इन जीवों को हॉर्सशू क्रैब कहा जाता है, जो समुन्द्र की गहराइयों से अंडे देने के लिए तट पर आते हैं। हॉर्सशू क्रैब को लिविंग फॉसिल यानी जीवित खनिज कहा जाता है। क्योंकि ये 44 करोड़ सालों से इस धरती पर मौजूद हैं। वैज्ञानिक मानते हैं कि इतने सालों तक इनके जीवित रहने का मुख्य कारण इनका नीले रंग का खून है। अब यही नीला खून इंसानों को कोरोना की वैक्सीन बनाने में मदद कर रहा है। इस दुर्लभ जीव के एक लीटर नीले खून की कीमत 10 से 12 लाख रुपए तक हो सकती है। फार्मा कंपनियों द्वारा इस खून का इस्तेमाल ये सुनिश्चित करने किया जाता है कि कहीं कोई ड्रग या वैक्सीन इंसानों पर इस्तेमाल के लिए खतरनाक तो नहीं है?

# दिल्ली सरकार ने रद्द की राजधानी के सभी विश्वविद्यालयों की परीक्षाएं



**नई दिल्ली/डेस्क(एजेंसी) ।**

कोरोना संक्रमण के बढ़ते संकट को देखते हुए दिल्ली सरकार ने स्टेट यूनिवर्सिटी की परीक्षाएं रद्द करने का फैसला किया है। इस बात की जानकारी दिल्ली के शिक्षामंत्री मनीष सिसोदिया ने ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी है। उन्होंने ये भी बताया कि विश्वविद्यालयों द्वारा तय किए गए मूल्यांकन मापदंडों के आधार पर डिग्री प्रदान की जाएगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि 9वीं और 11वीं के बच्चों को हमने बिना एग्जाम करवाए इंटरनल एग्जाम और असाइमेंट के आधार पर प्रमोट किया। सीबीएसई के 10वीं और 12वीं के एग्जाम भी रद्द किए गए। यूनिवर्सिटी का मामला पेचीदा था। कोरोना संकट के कारण लाइब्रेरी, प्रैक्टिकल,फील्ड रिसर्च नहीं हो सकी। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार का मानना है कि ऐसे में जिस सेमेस्टर को पढ़ाया नहीं गया उसकी परीक्षा करना मुश्किल है। इस अभूतपूर्व समय में अभूतपूर्व निर्णय लिए जाने जरूरी हैं। दिल्ली राज्य की जितनी यूनिवर्सीटी हैं इसमें सारी आगामी परीक्षाएं रद्द कर दी जाएंगी। सेमेस्टर से लेकर टर्मिनल एग्जाम कैंसिल कर दिए गए हैं। बिना एग्जाम कराए, पुरानी परीक्षाओं और अन्य एसेसमेंट्स के आधार पर छात्रों का मूल्यांकन किया जाए। सिसोदिया ने कहा कि फाइनल ईयर के बच्चों को भी इसी प्रकार से प्रमोट किया जाए और उनको उसी के आधार पर डिग्री दे दी जाए। मनीष सिसोदिया ने कहा है कि फाइनल ईयर के बच्चों के लिए बिना एग्जाम के अन्य तरीकों से उनका मूल्यांकन कर उन्हें डिग्री दे दी जाए, ताकी उनको नौकरी पाने में किसी भी दिक्कत का सामना न करना पड़े। सिसोदिया ने साफ किया कि दिल्ली सरकार का ये यूनिवर्सिटी के लिए नहीं। आदेश केवल स्टेट यूनिवर्सिटी के लिए ही मान्य होगा केंद्र द्वारा संचालिए यूनिवर्सिटी के लिए नहीं। इसके साथ ही उन्होंने ये भी बताया कि सीएम केजरीवाल प्रधानमंत्री मोदी को चिट्ठी लिख रहे हैं कि केंद्र सरकार के विश्वविद्यालयों के लिए भी दिल्ली की तरह ही परीक्षा रद्द करने का निर्णय लिया जाए। जिससे बच्चों को समस्याओं और संकट का सामना न करना पड़े।

## कोरोना ने फिर तोड़ा अपना ही रिकॉर्ड, एक दिन में आए 27 हजार नए मामले



**नेशनल डेस्क।** देश में कोरोना संक्रमण के दैनिक मामलों में बहुत तेजी से वृद्धि हो रही है और पिछले 24 घंटों में 27,114 मामले सामने आये हैं जो संक्रमितों की अब तक एक दिन में सर्वाधिक संख्या हैं तथा इसी अवधि में 519 लोगों की मौत हुई है। केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक देश भर में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना संक्रमण के 27,114 नये मामले सामने आये हैं जिससे संक्रमितों की संख्या 8,20,916 हो गयी है। इससे एक दिन पहले 26,506 नये मामले सामने आये थे। संक्रमण के तेजी से बढ़ रहे मामलों के बीच राहत की बात यह है कि इससे स्वस्थ होने वाले लोगों की संख्या भी बढ़ी है तथा इस दौरान 19,873 रोगी स्वस्थ हुए हैं, जिन्हें मिलाकर अब तक कुल 5,15386 लोग रोगमुक्त हो चुके हैं। देश में अभी कोरोना संक्रमण के 2,83,407 सक्रिय मामले हैं। देश में पिछले 24 घंटों के दौरान 519 लोगों की मौत से मृतकों की संख्या 22,123 हो गई है। कोरोना महामारी से सर्वाधिक प्रभावित महाराष्ट्र में पिछले 24 घंटों में संक्रमण के 7,862 मामले दर्ज किये गये जिससे संक्रमितों का आंकड़ा 2,38,461 पर पहुंच गया है। राज्य इस अवधि के दौरान 226 लोगों की मौत हुई है जिसके कारण मृतकों की संख्या बढ़कर 9,893 हो गयी है। वहीं 1,32,625 लोग संक्रमणमुक्त हुए हैं। संक्रमण के मामले में दूसरे स्थान पर पहुंचे तमिलनाडु में संक्रमितों की संख्या सवा लाख के पार हो गयी है। राज्य में पिछले 24 घंटों के दौरान संक्रमण के मामले 3,680 बढ़कर 1,30261 पर पहुंच गये हैं ।

## त्वचा रोग के इलाज में उपयोग आने वाला इंजेक्शन अब कोरोना मरीजों को लगाया जाएगा

**नई दिल्ली।** भारत के औषधि नियंत्रक ने त्वचा रोग के उपचार में काम आने वाले आइटोलीजुमैब इंजेक्शन का कोविड-19 के उन मरीजों के उपचार में सीमित इस्तेमाल किए जाने की मंजूरी दे दी है जिन्हें सांस लेने में मध्यम और गंभीर स्तर की दिक्कत हो। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि कोविड-19 के इलाज की चिकित्सीय आवश्यकताओं पर विचार करते हुए भारत के औषधि महानियंत्रक डॉ. वी जी सोमानी ने कोरोना वायरस के कारण शरीर के अंगों को ऑक्सीजन न मिलने की गंभीर अवस्था के इलाज में आपात स्थिति में मोनोक्लोनल एंटीबॉडी इंजेक्शन च्आइटोलीजुमैबज् के सीमित इस्तेमाल की मंजूरी दे दी है। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा, एम्स समेत अन्य अस्पतालों के श्वसन रोग विशेषज्ञों, औषधि विज्ञानियों और दवा विशेषज्ञों की समिति द्वारा भारत में कोविड-19 मरीजों पर चिकित्सकीय परीक्षणों के संतोषजनक पाए जाने के बाद ही इस इंजेक्शन के इस्तेमाल की मंजूरी दी गई है। चिकित्सकीय परीक्षणों के संतोषजनक पाए जाने के चिकित्सकीय परीक्षणों के संतोषजनक पाए जाने के बाद ही इस इंजेक्शन के इस्तेमाल की मंजूरी दी गई है। अधिकारी ने कहा, पिछले कई वर्षों से त्वचा रोग के इलाज के लिए बायोकॉन कंपनी की यह पहले से स्वीकृत दवा है। उन्होंने बताया कि इस दवा के इस्तेमाल से पहले हर मरीज की लिखित में सहमति आवश्यक है।

# एलएसी पर तनाव बढ़ने पर क्या डोनाल्ड ट्रंप करेंगे भारत का समर्थन?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जॉन बोल्टन ने कहा है कि यदि चीन-भारत सीमा तनाव बढ़ता है कि तो इसकी कोई गारंटी नहीं कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चीन के खिलाफ भारत का समर्थन करेंगे। बोल्टन ने एक टेलीविजन चैनल से साक्षात्कार में कहा कि चीन अपनी सभी सीमाओं पर आक्रामक तरीके से व्यवहार कर रहा है, निश्चित तौर पर पूर्वी और दक्षिण चीन सागर में भी तथा जापान, भारत और अन्य देशों के साथ उसके संबंध खराब हुए हैं। यह पूछे जाने पर कि ट्रंप चीन के खिलाफ भारत का किस हद तक समर्थन करने के लिए तैयार हैं, उन्होंने कहा, ''मुझे नहीं पता कि वह क्या निर्णय लेंगे और मुझे नहीं लगता कि उन्हें भी इस बारे में पता है। मुझे लगता है कि वह चीन के साथ भू-रणनीतिक संबंध देखते हैं, उदाहरण के लिए, विशेष रूप से व्यापार के चश्मे से। उन्होंने कहा, ''मुझे नहीं पता कि ट्रंप नवम्बर के चुनाव के बाद क्या करेंगे...वह बड़े चीन व्यापार समझौते पर वापस आएंगे। यदि भारत और चीन के बीच चीजें तनावपूर्ण बनती हैं तो मुझे नहीं पता कि वह किसका समर्थन करेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या वह मानते हैं कि यदि भारत और चीन के बीच तनाव बढ़ता है तो इसकी कोई गारंटी नहीं कि ट्रंप चीन के खिलाफ भारत का समर्थन करेंगे, बोल्टन ने कहा, ''हां यह सही है। बोल्टन ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि ट्रंप को भारत और चीन के बीच दशकों के दौरान हुई झड़पों के इतिहास की कोई जानकारी है। बोल्टन ने कहा कि हो सकता है कि ट्रंप को इस बारे में जानकारी दी गई हो, लेकिन वह इतिहास को लेकर सहज नहीं हैं। बोल्टन ट्रंप प्रशासन में अप्रैल 2018 से सितम्बर 2019 तक अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहार थे। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि वह अगले चार महीनों के दौरान ऐसी सभी चीजों से परहेज करेंगे जो उनके चुनाव को और जटिल बनाए, जो पहले से ही उनके लिए एक मुश्किल चुनाव है।

उन्होंने कहा, ''इसलिए वह (ट्रंप) यह चाहेंगे कि सीमा पर शांति हो, चाहे इससे चीन को लाभ हो या भारत को। भारत और चीन की सेनाओं के बीच पिछले आठ सप्ताह से पूर्वी लद्दाख में कई स्थानों पर गतिरोध उत्पन्न था। गलवान घाटी में उस हिंसक झड़प के बाद तनाव और बढ़ गया जिसमें भारत के 20 जवान शहीद हो गए थे।

# अमेरिका में भारतवंशी डॉक्टर का कमालः कोरोना रोगी के फेफड़े किए ट्रांसप्लांट

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।**

अमेरिका में भारतीय मूल के एक डॉक्टर अंकित भारत के नेतृत्व में कई सर्जनों ने मिलकर एक कोरोना मरीज के फेफड़े का प्रत्यारोपण यानि लंग्स ट्रांसप्लांट कर मैडीकल इतिहास में नया चमत्कार कर दिखाया है। इस कोविड-19 बीमारी से खराब हो गए थे। एक महीने में यह दूसरी बार है जब डॉक्टरों की इसी टीम ने किसी मरीज के दोनों फेफड़ों का प्रतिरोपण किया। इलिनोइस के 60 साल की उम्र के इस मरीज ने 100 दिन पर बिताए। एक ऐसी जीवन रक्षक मशीन है जो दिल और फेफड़ों का काम करती है। इस व्यक्ति की पिछले सप्ताहांत नॉर्थवेस्टर्न मेमोरियल अस्पताल में सर्जरी हुई। सात दिनों में फेफड़ों का सात प्रतिरोपण करने वाले डॉ. अंकित भारत ने कहा, ''ऐसे जटिल मरीजों में लगातार फेफड़ों का प्रतिरोपण करना चुनौतीपूर्ण काम है और मुझे अपनी टीम के समर्पण पर बेहद गर्व है। यह मरीज मार्च में कोविड-19 की चपेट में आया था। डॉ. भारत ने कहा, ''संयोग से प्रतिरोपण मरीज के प्रणाली पर रहने के 100वें दिन हुआ। आमतौर पर दोनों फेफड़ों के प्रतिरोपण में छह से सात घंटे का वक्त लगता है लेकिन कोरोना वायरस बीमारी के चलते फेफड़ों के ज्यादा खराब हो जाने और छाती में गंभीर संक्रमण के कारण इस सर्जरी में करीब 10 घंटे लगे। डॉ. भारत के नेतृत्व में नॉर्थवेस्टर्न के डॉक्टरों ने जून में कोविड-19 की 20 वर्षीय मरीज के फेफड़े का प्रतिरोपण किया था जिसे अमेरिका में कोरोना वायरस मरीज के फेफड़ों का पहला प्रतिरोपण बताया गया।



# उच्च रक्त शर्करा से कोविड-19 मरीजों की मौत होने का खतरा अधिक हो सकता हैः अध्ययन




**बीजिंग (एजेंसी)।**

एक अध्ययन में कहा गया है कि रक्त शर्करा का स्तर अधिक होने से कोविड-19 मरीजों की मौत होने का खतरा बढ़ सकता है। इस नये अध्ययन के अनुसार कोविड-19 के जिन मरीजों में मधुमेह के पिछले निदान के बिना रक्त शर्करा का स्तर बढ़ा है, उनकी मौत होने का खतरा अधिक हो सकता है और उनमें संक्रामक बीमारी से अन्य गंभीर जटिलताओं का भी खतरा बढ़ सकता है। वैज्ञानिकों के अनुसार, पहले के अध्ययनों में बताया गया था कि कोविड-19 रोगियों में मृत्यु दर के बढ़ते खतरे से उच्च रक्त शर्करा जुड़ी हुई है। हालांकि उन्होंने कहा कि अस्पताल में भर्ती के दौरान 'फास्टिंग ब्लड ग्लूकोज' (एफबीजी) स्तर और कोविड-19 रोगियों के क्लीनिकल निष्कर्षों के बीच सीधा संबंध अच्छी तरह से स्थापित नहीं किया गया है। 'डायबिटोलॉजिया' पत्रिका में प्रकाशित एक नये अध्ययन में शोधकर्ताओं ने चीन के दो अस्पतालों में भर्ती किये जाने पर एफबीजी और पहले से मधुमेह का निदान किए बिना कोविड-19 रोगियों की 28-दिन की मृत्यु दर के बीच के संबंधों की जांच की। अध्ययन में कहा गया है, ''कोविड-19 के सभी मरीजों की रक्त शर्करा की जांच करने की सिफारिश की जानी चाहिए, भले ही वे पहले से मधुमेह से पीड़ित न हो, क्योंकि कोविड-19 से संक्रमित ज्यादातर मरीजों को ग्लूकोज मेटाबॉलिक संबंधी विकार होने की आशंका रहती है।'' अध्ययन में कोविड-19 के कुल 605 मरीजों को शामिल किया गया जिनमें से 114 की अस्पताल में मौत हो गई थी।

# पाकिस्तान में कोरोना वायरस के 2,752 नए मामले, कुल मामलों की संख्या 2,46,351 हुई

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।**

पाकिस्तान में शनिवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 2,752 नए मामले सामने के बाद देश में वायरस से संक्रमित होने वाले लोगों की कुल संख्या 2,46,351 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि संक्रमण के चलते 65 और लोगों की मौत होने के बाद मृतक संख्या 5,123 हो गई है। मंत्रालय ने स्वस्थ होने वाले लोगों की दर में भी सुधार होने की जानकारी दी जहां देशभर के विभिन्न अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों से 1,53,134 मरीजों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। संक्रमण के सबसे अधिक 1,02,368 मामले सिंध से सामने आए हैं।

इसके बाद पंजाब में 85,991, खैबर-पख्तूनख्वा में 29,775, इस्लामाबाद में 13,927, बलोचिस्तान में 11,128, गिलगित-बाल्तिस्तान में 1,630 और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में 1,532 मामले हैं। देश में अब तक कोरोना वायरस संक्रमण संबंधी कुल 15,38,427 जांच हुई हैं जिनमें पिछले 24 घंटों में हुईं 23,569 जांच भी शामिल हैं। इस बीच, स्वास्थ्य संकट के मद्देनजर, नेशनल कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (एनओसीसी) ने आगामी ईद-उल-जुहा के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश तैयार किए हैं जब कुर्बानी के लिए जानवरों को बेचने के वास्ते देशभर में मवेशी बाजार लगेंगे।

एनओसीसी ने इस माह के अंत में ईद-उल-जुहा के दौरान निर्दिष्ट समयावधि के लिए शहरों के बाहरी इलाकों में मवेशी बाजार लगाने, जानवरों को बेचन एनओसीसी ने इस माह के अंत में ईद-उल-जुहा के दौरान निर्दिष्ट समयावधि के लिए शहरों के बाहरी इलाकों में मवेशी बाजार लगाने, जानवरों को बेचने वालों की अनिवार्य जांच करने और उलेमाओं (मुस्लिम विद्वानों) को मानक संचालन प्रक्रिया के क्रियान्वयन में शामिल करने का सुझाव दिया है।

## संक्षिप्त समाचार



### द.अफ्रीका में कोरोना के आधे से अधिक वयस्क रोगियों में नहीं दिखे लक्षण

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के एक शीर्ष स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा है कि देश में कोविड-19 के लगभग 50 से 66 प्रतिशत वयस्क रोगियों में इस बीमारी के लक्षण नहीं दिखे हैं जबकि कई लोगों के संक्रमित होने का पता नहीं चल पा रहा है। चीन के वुहान शहर से फैलने शुरू हुए कोरोना वायरस से दक्षिण अफ्रीका में लगभग 2,50,000 लोग संक्रमित पाए गए हैं, जिनमें से 3,860 लोगों की मौत हो चुकी है। ऑक्सफॉर्ड विश्वविद्यालय के नेतृत्व में किये जा रहे अंतरराष्ट्रीय टीका परीक्षण में दक्षिण अफ्रीका के प्रतिनिधि डॉक्टर शब्बीर मदही के अनुसार, कोविड-19 के अधिकतर मामलों का पता नहीं चल पा रहा है। मदही ने शुक्रवार को सीएनबीसी को दिये साक्षात्कार में कहा कि बड़ी संख्या में रोगियों में लक्षण नहीं दिखाई देने के कारण टीके के परीक्षण में दिक्कतें आ रही हैं। उन्होंने कहा कि पहले जैसा अनुमान था, उसके मुकाबले बहुत अधिक संख्या में रोगियों में लक्षण नहीं दिखाई दिये हैं। उन्होंने कहा कि अनुमान है कि कोविड-19 के सभी मामलों में से केवल 10 प्रतिशत मामलों की ही आधिकारिक तौर पर पुष्टि की गई है। मदही ने कहा कि संक्रमित पाए गए कुल बच्चों में से लगभग 80 प्रतिशत बच्चों में लक्षण नहीं पाए गए हैं।

### पूर्वी न्यूयार्क की ओर बढ़ा उष्णकटिबंधीय तूफान

**मियामी।** मध्य-अटलांटिक देशों और दक्षिणी न्यू इंग्लैंड में एक उष्णकटिबंधीय तूफान से बारिश होने के बाद यह तूफान शनिवार की सुबह न्यूयार्क की ओर बढ़ गया है। मियामी में राष्ट्रीय तूफान केंद्र ने बताया कि उष्णकटिबंधीय तूफान फे अलबानी के दक्षिण में लगभग 48 किलोमीटर दूर है और लगभग 55 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा चल रही है। केन्द्र के वैज्ञानिकों ने बताया कि शनिवार को इसके उत्तर की ओर बढ़ते रहने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि न्यूजर्सी में शुक्रवार दोपहर उष्णकटिबंधीय तूफान के पहुंचने पर सड़कों पर पानी भर गया। हालांकि तट से टकराने पर यह कुछ कमजोर हुआ है।

### अमेरिका ने चीन के बाद उसके दोस्त पाकिस्तान को भी दिया झटका

**इंटरनेशनल डेस्क।** अमेरिका ने चीन के बाद अब उसके खास दोस्त पाकिस्तान को भी बड़ा झटका दिया है। अमेरिका ने एक बड़ा फैसला लेते हुए पाकिस्तान के इंटरनेशनल एयरलाइंस के चार्टर प्लेन की उड़ानों पर बैन लगा दिया है। अमेरिकी परिवहन विभाग के मुताबिक पाकिस्तानी पायलटों के सर्टिफिकेशन को लेकर फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन की चिंताओं के बाद ये कदम उठाया गया है। पिछले महीने पाकिस्तान ने उसके लगभग एक तिहाई पायलटों के फर्जी लाइसेंस होने का खुलासा कियाथा। इसके बाद, कई देशों ने पाकिस्तानी पायलटों के उड़ान भरने पर रोक लगा दी थी। वियतनाम के अलावा यूरोप और कई मुस्लिम देशों ने भी पाकिस्तानी पायलटों को बैन कर दिया था। यूरोपियन यूनियन एविएशन सेफ्टी एजेंसी ने पाकिस्तान के इंटरनेशनल एयरलाइंस के ऑथराइजेशन को 6 महीने के लिए निलंबित कर दिया है। यूरोपियन यूनियन एविएशन सेफ्टी एजेंसी ने पाकिस्तान के इंटरनेशनल एयरलाइंस के ऑथराइजेशन को 6 महीने के लिए निलंबित कर दिया है। पाकिस्तान के इंटरनेशनल एयरलाइंस की तरफ से इस पर फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं आई है। पाकिस्तानी चैनल जियो न्यूज के मुताबिक, ने अमेरिका द्वारा बैन किए जाने की खबर की पुष्टि की है और कहा है कि वो एयरलाइन्स के अंदर सुधार करने पर काम करेगा। पाकिस्तान के पायलट्स जांच के घेरे में तब आए थे जब मई में जेट क्रैश हो गया था। इस दुर्घटना में फ्लाइट में सवार 97 यात्रियों की मौत हो गई थी।

### भारतीय-अमेरिकी वैज्ञानिक को अमेरिका के शीर्ष कृषि अनुसंधान संगठन का कार्यवाहक प्रमुख बनाया गया

**वाशिंगटन।** जाने-माने भारतीय अमेरिकी वैज्ञानिक डॉ. पराग चिटनीस को प्रतिष्ठित नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फूड एंड एग्रीकल्चर (एनआईएफए) का कार्यवाहक निदेशक बनाया गया है। अमेरिका में सभी संघीय वित्त पोषित कृषि अनुसंधान इसी संस्थान की निगरानी में होते हैं। चिटनीस को इस वर्ष की शुरुआत में 'प्रोग्राम्स' का सहायक निदेशक बनाया गया था। उन्होंने एनआईएफए की करीब 1.7 अरब डॉलर की अनुसंधान परियोजनाओं के क्रियान्वयन की अगुवाई की। अमेरिका के कृषि मंत्री सोनी पेरड्यू ने एनआईएफए के कार्यवाहक निदेशक के तौर पर चिटनीस के नाम की घोषणा करते हुए कहा, ''निदेशक कार्यालय को डॉ. चिटनीस के 31 वर्ष से अधिक समय के वैज्ञानिक अनुसंधान और अनुभव का लाभ मिलेगा।'' ''निदेशक कार्यालय को डॉ. चिटनीस के 31 वर्ष से अधिक समय के वैज्ञानिक अनुसंधान और अनुभव का लाभ मिलेगा।'' डॉ. चिटनीस ने महाराष्ट्र के कोंकण कृषि विश्वविद्यालय से वनस्पति विज्ञान में बीएससी किया है। नई दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान से उन्होंने आनुवांशिक विज्ञान/जीव रसायन में एमएससी किया है।

# ट्रंप ने स्कूल, कॉलेजों को दी जाने वाली कर छूट हटाने की धमकी दी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर धमकी दी है कि अगर स्कूलों और कॉलेजों को अगस्त तक नहीं खोला गया तो उन्हें दी जाने वाली कर छूट वापस ले ली जाएगी। ट्रंप ने शुक्रवार को ट्वीट किया कि वह वित्त विभाग को स्कूलों को दी जाने वाली कर छूट की पुनः समीक्षा करने का आदेश दे रहे हैं। उन्होंने इस हफ्ते दूसरी बार धमकी दी है कि अगर स्कूलों को फिर से नहीं खोला जाता है तो उन्हें दी जाने वाली संघीय निधि में कटौती की जाएगी। बहरहाल अभी यह स्पष्ट नहीं है कि ट्रंप किस आधार पर स्कूलों को दी जाने वाली कर छूट को खत्म कर सकते हैं। व्हाइट हाउस और वित्त विभाग ने अभी राष्ट्रपति के संदेश पर टिप्पणी नहीं की है। व्हाइट हाउस और वित्त विभाग ने अभी राष्ट्रपति के संदेश पर टिप्पणी नहीं की है। व्हाइट हाउस और वित्त विभाग ने अभी राष्ट्रपति के संदेश पर टिप्पणी नहीं की है। ट्रंप ने बुधवार को भी ट्विटर पर ऐसी ही चेतावनी देते हुए कहा था कि अन्य देशों ने सफलतापूर्वक स्कूलों को फिर से खोला है और ''छात्रों तथा उनके परिवारों के लिए पतझड़ के मौसम तक स्कूलों को फिर से खोलना महत्वपूर्ण है। अगर स्कूलों को नहीं खोला गया तो उनके वित्त पोषण में कटौती की जा सकती है।''

# अमेरिका के कैलिफोर्निया में 8000 कैदी होंगे रिहा

**वाशिंगटन (एजेंसी)।**

वैश्विक महामारी कोरोना वायरस (कोविड 19) के परिप्रेक्ष्य में अमेरिका के कैलिफोर्निया की जेलों में बंद करीब आठ हजार कैदियों को गर्मियों के अंत तक रिहा किया जा सकता हैं। सरकारी संवाद समिति ने शनिवार को विज्ञप्ति जारी कर कहा कि कैलिफोर्निया का सुधार और पुनर्वास विभाग कोरोना के खतरे को देखते हुए इन कैदियों को रिहा करने की योजना बना रहा हैं। बयान में कहा गया है कि करीब 8000 कैदियों को अगस्त के अंत तक रिहा किया जा सकता है। पुनर्वास विभाग की सचिव राल्फ डियाज़ के अनुसार जेल प्रशासन और कैदियों के स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। उन्होंने कहा, '' हम इन उपायों को इस तरह से लागू करेंगे जिससे लोगों की सुरक्षा और रक्षा दोनों का ध्यान रखा जा सके। विभाग के अनुसार केवल उन्हीं कैदियों को रिहा किया जाएगा जिनकी सजा की अवधि एक साल या उससे कम की रह गयी है तथा जिनके खिलाफ कोई गंभीर मामला भी नहीं हो। उन कैदियों को हालांकि रिहा नहीं किया जाएगा जो घरेलू हिंसा, हिंसक अपराध और अवैध कार्यों जैसे मामलों में सजा काट रहे हैं। जैसे मामलों में सजा काट रहे हैं। गौरतलब है कि अमेरिका में अब तक 31 लाख कोरोना वायरस की चपेट में आ चुके है और करीब 134,000 लोगों की मौत हो चुकी हैं।




# ट्रंप ने रूस जांच से जुड़े अहम आपराधिक मामले में अपने दोस्त की जेल की सजा घटाई



**वाशिंगटन (एजेंसी)।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस जांच से जुड़े अहम आपराधिक मामले में हस्तक्षेप करते हुए, लंबे समय से अपने राजनीतिक विश्वासपात्र रहे रोजर स्टोन की सजा कम कर दी है। ट्रंप की तरफ से शुक्रवार को यह कदम उस वक्त उठाया गया है जब स्टोन की 40 माह की सजा कुछ ही दिनों में शुरू होने वाली थी। उसे यह सजा 2016 का चुनाव जीतने के लिए ट्रंप के अभियान की रूस के साथ मिलीभगत के आरोपों में हो रही संसद की जांच को बाधित करने और साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ करने तथा कांग्रेस से झूठ बोलने के लिए सुनाई गई है। यह कदम, विशेष अभियोजक रॉबर्ट मुलर की जांच को लेकर राष्ट्रपति की नाराजगी को रेखांकित करने के साथ ही राष्ट्रपति एवं उनके प्रशासन द्वारा उस जांच के विमर्श को फिर से लिखने के लगातार जारी प्रयासों का हिस्सा है जिसकी छाया शुरू से ही व्हाइट हाउस पर पड़ी हुई है। न्याय मंत्रालय द्वारा ट्रंप के पहले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, माइकल फ्लिन के खिलाफ मामले को खारिज किए जाने को लेकर पहले से ही चिंतित डेमोक्रेट्स ने विधि के शासन को और कमतर करने के लिए ट्रंप की आलोचना की है। स्टोन (67) को मंगलवार से जेल की सजा काटनी शुरू करनी थी लेकिन उसने बताया कि ट्रंप ने उसे शुक्रवार शाम फोन कर बताया कि फिलहाल के लिए उसकी बला टल गई है। हालांकि, सजा कम करने से स्टोन की अपराध सिद्धि उस तरीके से रद्द नहीं होती जैसी माफी में होती है लेकिन यह उसकी सजा की अवधि जरूर कम हो जाएगी। आलोचकों के अनुसार यह कदम ट्रंप द्वारा राष्ट्र के न्यायिक तंत्र में असाधारण हस्तक्षेप को दर्शाने के साथ ही उन नियमों एवं मानकों का उल्लंघन करने की उनकी जो दशकों से इच्छा को भी दिखाता है जो दशकों से राष्ट्रपति के आचरण का हिस्सा रहे हैं।

# नेपाल में भूस्खलन से कई घर बहे, 12 लोगों की मौत व 19 लापता



**काठमांडू।** नेपाल में मूसलाधार बारिश व भूस्खलन से जहां कई घर बह गए वहीं 12 लोगों की मौत हो गई। इन वर्षाजनित हादसों में 19 लोग लापता हैं व 10 लोग घायल हुए है। नेपाल में पिछले 48 घंटों से हो रही बारिश से नारायणी और अन्य प्रमुख नदियां उफान पर हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले तीन दिनों तक मानसूनी बारिश से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। पुलिस ने बताया कि कास्की जिले में पोखरा सिटी एरिया के सारंगकोट और हेमजन में तीन बच्चों समेत 7 लोगों की जान गई। उनमें से 5 की मौत सारंगकोट में भूस्खलन की चपेट में एक घर के आने से हुई। यहां 10 लोग घायल हुए, जिनका इलाज चल रहा है। इसके अलावा लामजुंग जिले के बेसिशहर में एक परिवार के 3 लोगों की मौत हो गई। वहीं, रुकुम जिले के आथबिस्कॉट इलाके में भी 2 अन्य लोगों की मौत हो गई। जाजरकोट जिले में भूस्खलन से 2 घरों के बह जाने से 12 लोग और म्याग्दी जिले में एक ही परिवार के 7 लोग लापता हैं।सिंधुपालचोक में भी बाढ़ जैसे हालात हैं। सिंधुपालचोक में भी बाढ़ जैसे हालात हैं। सिंधुपालचोक में भी बाढ़ जैसे हालात हैं। बता दें कि नेपाल में पिछले साल जुलाई में बाढ़ और भूस्खलन से 78 लोगों की जानें गईं थीं वहीं 40 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।

# कोरोना से निपटने में फेल इमरान खान, छिन सकती है पीएम की कुर्सी

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।**

कोरोना संकट से जूझने में नाकाम रहे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान की जल्द विदाई हो सकती है और उनकी जगह पाकिस्तान में कोई नया चेहरा प्रधानमंत्री के तौर पर सामने आ सकता है। इसका कारण इमरान खान की इस गंभीर संकट से निपटने को लेकर अप्रोच है और इस मामले में फेल होने के कारण सेना को पाकिस्तान के सिविल प्रशासन में दखल देने का मौका मिला है और अब प्रशासन के अधिकतर कामों में सेना के मौजूदा और रिटायर्ड अधिकारियों का दखल बढ़ गया है जो आने वाले समय में पाकिस्तान में होने वाले बड़े राजनीतिक बदलाव की तरफ इशारा कर रहा है। पाकिस्तान इस साल गंभीर चुनौतियों के दौर से गुजर रहा है। देश की फसलों पर टिड्डी दल के हमले से 40 फीसदी तक फसलें प्रभावित हुई हैं और पाकिस्तान के सामने कृषि का संकट खड़ा हो गया है और इसी बीच कोरोना संकट के कारण लोगों की आय बुरी तरह से प्रभावित हुई है। कोरोना संकट ने पाकिस्तान के स्वास्थ्य क्षेत्र के आधारभूत ढांचे की भी पोल खोली है लेकिन इसके बावजूद प्रधानमंत्री इमरान खान ने जब इस साल बजट पेश किया तो रक्षा क्षेत्र के लिए 7.7 बिलियन डालर का बजट रखा और यह बजट पिछले साल के रक्षा बजट के मुकाबले करीब 12 फीसदी ज्यादा है और पाकिस्तान के कुल बजट का करीब 18 फीसदी खर्च रक्षा क्षेत्र के लिए रखा गया है जबकि दूसरी तरफ स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए इमरान सरकार ने महज 148.6 मिलियन डालर का बजट रखा, हालांकि राज्य सरकारों ने भी स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए अतिरिक्त 2.7 बिलियन डालर का बजट प्रस्तावित किया है लेकिन इसके बावजूद राज्य सरकारों और इमरान सरकार द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए रखा गया कुल बजट देश के रक्षा बजट का एक तिहाई ही बनता है यानि पाकिस्तान में सरकार के पास कोरोना टैस्ट तक के पैसे नहीं हैं लेकिन उसके लिए हथियार खरीदना ज्यादा जरूरी है। इमरान के बजट के बाद विपक्ष के नेता शेरी रेहमान ने ट्वीट कर कहा कि संकट के दौर से गुजर रहे देश के लिए यह राष्ट्रीय बजट नहीं है। कोरोना के चलते पैदा हुई स्थिति के कारण पाकिस्तान की आबादी के एक बड़े हिस्से के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है और करीब 4 करोड़ लोग इस संकट से जूझ रहे हैं। इस बीच कोरोना की महामारी के चलते देश के अधिकतर शहरों के अस्पताल कोरोना के मरीजों से भरे पड़े हैं और महामारी के ज्यादा फैलने की स्थिति में पाकिस्तान के पास अस्पतालों में प्रबंध नहीं है लेकिन इसके बावजूद रक्षा क्षेत्र को बजट में इतनी बड़ी अहमियत देना पाकिस्तान में सेना के बढ़ते प्रभाव की तरफ इशारा करता है। पाकिस्तान में कोरोना के टैस्ट की संख्या काफी कम होने के बावजूद कोरोना के 2.43 लाख मामले सामने आ चुके हैं और करीब 5 हजार लोगों की मौत हो चुकी है। हालांकि वैज्ञानिकों और मैडिकल प्रोफैशनल्स के आकलन के मुताबिक पाकिस्तान में कोरोना रोगियों और मृतकों का आंकड़ा इससे कहीं ज्यादा है। देश में करीब 5 हजार हैल्थ वर्कर कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं और 65 मैडिकल प्रोफैशनल्स की मौत हो चुकी है। कोरोना संकट के चलते सरकार के प्रति लोगों में गुस्सा और अविश्वास बढ़ता जा रहा है, क्योंकि लोगों को लगता है कि सरकार कोरोना के संकट की असलियत छुपा रही है। इसी गुस्से के चलते लोग अब मैडिकल स्टाफ पर हिंसक हमले करने लगे हैं। इमरान खान की पार्टी के पास पाकिस्तान की संसद में कुल 46 फीसदी सीटें हैं लेकिन जिस तरीके से कोरोना संकट के दौरान पाकिस्तान की सरकार ने नालायकी के साथ काम किया उसे देखते हुए सेना को सरकार के काम में दखलअंदाजी करने का अवसर मिला है। एक तरफ कोरोना संकट में इटली, स्पेन ,दक्षिण अफ्रीका सहित दुनियाभर के कई देशों में सेना ने सकारात्मक भूमिका निभाई वहीं पाकिस्तान में सेना ने इसे मौके के तौर पर देखा और हर उस सिविल क्षेत्र में दखल दिया जहां इमरान सरकार का प्रशासन फेल रहा।

Web site : www.krantisamay.com & .in , epaper.krantisamay.com www.facebook.com/krantisamay1 www.twitter.com/krantisamay1

# भाजपा नगर पार्षद पर फायरिंग के मामले में दो गिरफ्तार, 8 लाख की सुपारी दी गई थी

**क्रांति समय (सूरत)**

सूरत, क्राइम ब्रांच ने भाजपा के नगर पार्षद पर गत सोमवार को हुई गोलीबारी के मामले में जमीन दलाल समेत दो शख्सों को गिरफ्तार कर लिया है।

गिरफ्तार एक आरोपी को कोरोना पॉजिटिव आने के बाद उसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जमीन विवाद के मामले में लंदन से आठ लाख रुपए की सुपारी दी गई थी।

जानकारी के मुताबिक सूरत के वराछा क्षेत्र के भाजपा नगर पार्षद भरत वघासिया पर गत सोमवार को उस समय फायरिंग की गई थी, जब अपनी ऑफीस से घर जा रहे थे।

भरत वघासिया को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उनके शरीर से गोली मिलने के बाद डॉक्टर ने पुलिस को इसकी जानकारी दी।




घटनास्थल की जांच में पु. लिस को कारतूस का खाली सेल बरामद हुआ।

पुलिस को जब पता चला कि फायरिंग किसी जमीन विवाद को लेकर की गई है, तो पुलिस ने उसी दिशा में मामले की जांच शुरू की और इसमें एटीएस को भी शामिल कर लिया।

क्राइम ब्रांच ने वराछा के हिस्ट्रीशीटरों के साथ ही पार्षद और उनके भाई से पूछताछ की। जिसमें पार्षद ने तीन मामलों को लेकर आशंका जताई।

जिसके आधार पर क्राइम ब्रांच ने जांच शुरू की।

जांच में पता चला कि वराछा के जगदीशनगर की एक जमीन पर नरेश मालसुर धगल नामक शख्स ने काफी समय से कब्जा कर रखा है।

इस खुलासे के बाद नरेश समेत 8 लोगों की पूछताछ में पूरी साजिश का पर्दाफाश हुआ। पार्षद को रास्ते हटाने के लिए लंदन से 8 लाख रुपए की सुपारी दी गई थी। इस खुलासे के बाद पुलिस ने जमीन पर कब्जा करने वाले नरेश समेत 2 दो शख्सों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू की है।

# सूरत-अहमदाबाद के बीच रोडवेज की बस सेवा बंद करने का फैसला

क्रांति समय (सूरत)

अहमदाबाद, सूरत में लगातार बढ़ते कोरोना संक्रमण के मामलों के देखते हुए गुजरात राज्य परिवहन ने सूरत-अहमदाबाद के बीच बस सेवा बंद करने का फैसला किया है।यात्रियों के स्वास्थ्य सुरक्षा को देखते हुए बसें बंद करने का फैसला किया गया है। अहमदाबाद से प्रति दिन 50 जितनी बसें सूरत जाती हैं। लेकिन सूरत में कोरोना के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, जिसे देखते हुए फिलहाल रोडवेज की बस सेवा बंद रहेंगी। ताकि अहमदाबाद में कोरोना संक्रमण को बढ़ने से रोका जा सके। अहमदाबाद में कोरोना संक्रमण में धीरे धीरे कमी आ रही है, जबकि सूरत में मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। अहमदाबाद से ज्यादा सूरत में कोरोना के मामले दर्ज हो रहे हैं। फिलहाल सूरत या वलसाड से आनेवाले लोगों का एक्सप्रेस वे पर ही रेपिड एन्टीजन किया जा रहा है। बीते दिन 574 लोगों की जांच की गई,



जिसमें 23 लोग कोरोना संक्रमित मिले अहमदाबाद के स्वास्थ्य विभाग ने एक्सप्रेस वे पर डेरा डाल लिया है और दक्षिण गुजरात से खासकर सूरत से आनेवाले लोगों की स्वास्थ्य जांच कर रही है।

शुक्रवार को 574 में से 23 कोरोना संक्रमित मिले और शनिवार की सुबह 10 बजे 9 लोग पॉजिटिव पाए गए।

# मंत्री के पुत्र का महिला कांस्टेबल के साथ दुर्व्यवहार, कमिश्नर ने दिया जांच का आदेश

क्रांति समय (सूरत)

सूरत, सूरत में राज्य सरकार के एक मंत्री के पुत्र की महिला कांस्टेबल के साथ दुर्व्यवहार की घटना सामने आई है।

365 दिन ड्यूटी पर खड़ा रखने की धमकी देनेवाले मंत्री के पुत्र को महिला कांस्टेबल ने भी खरी खरी सुना दी।

सूरत पुलिस आयुक्त मामले की जांच के आदेश दिए हैं। जानकारी के मुताबिक स्वास्थ्य राज्यमंत्री कुमार कानाणी के पुत्र प्रकाश कानाणी के दोस्त शुक्रवार की रात 10.30 बजे सूरत के हीरा बाजार क्षेत्र में कार में घूमने निकले थे। कार में सवार पांचों शख्सों ने मास्क भी नहीं लगाया था। रात्रि 10 बजे से सुबह 5 बजे तक कर्फ्यू होने के बावजूद एक ही गाड़ी में पांच लोगों को जाता देख महिला कांस्टेबल सुनीता यादव ने उनको रोक लिया। पुलिस के रोकने पर उन्होंने प्रकाश कानाणी को घटनास्थल पर बुला लिया।

मौके पर पहुंचे प्रकाश कानाणी अपने दोस्तों को समझाने के बजाए महिला कांस्टे. बल के साथ तू तू मैं मैं करने लगा।

प्रकाश कानाणी और सुनीता यादव के बीच हुई बहस की ऑडियो क्लीप वायरल हुई है। जिसमें सुनीता यादव यह कहती सुनी जा रही है कि पुलिस की वर्दी में बहुत पावर है। प्रधानमंत्री मोदी को भी रोकने की ताकत है मेरे में तुम्हें जितनी ताकत लगानी हो लगा लो।

पुलिस महानिदेशक ही नहीं प्रधानमंत्री तक पहुंचने की मेरी ताकत है।

मुझे यहां 365 दिन ड्यूटी पर खड़ा रखने का अधिकार तुम्हें किसने दिया है। मंत्री के पुत्र हो तो क्या हो गया?

सुनीता यादव ने वराछा पुलिस थाने के पीआई सगर को घटना की जानकारी दी।

पीआई ने ड्यूटी का समय पूरा होने से महिला कांस्टेबल सुनीता यादव को वहां से चले जाने को कहा घटना सामने आने के बाद सूरत शहर पुलिस आयुक्त ने मामले की जांच का आदेश दिया है।

## कांग्रेस का बड़ा दांव

# हार्दिक पटेल को बनाया गुजरात कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष

अहमदाबाद (एजेसी) गुजरात में इस साल के अंत में होनेवाले नगर निगमों के चुनाव से पहले कांग्रेस ने बड़ा दांव खेला है। लंबे समय से गुजरात में आपसी

मतभेदों से जूझ रही कांग्रेस ने हार्दिक पटेल को प्रदेश का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त कर दिया है। कांग्रेस ने पाटीदार आरक्षण आंदोलन से निकले हार्दिक पटेल के खिलाफ कई मुकद्दमे चल रहे हैं। हार्दिक पटेल को तत्काल प्रभाव से गुजरात कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष बनाने का फैसला कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की ओर से लिया गया है।

इसके अलावा महेन्द्रसिंह परमार को आणंद, आनंद चौधरी को सूरत और यासीन गज्जर को देवभूमि द्वारका जिले का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।



गौरतलब है कि 2015 से गुजरात की भाजपा सरकार के लिए सिरदर्द बने हार्दिक पटेल पिछले काफी समय से कांग्रेस में सक्रिय हैं।

हार्दिक पटेल की वजह से वर्ष 2017 में हुए गुजरात विधानसभा चुनाव में भाजपा 99 सीटों पर सिमट कर रह गई थी।

हालांकि 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में हार्दिक पटेल का कोई जादू नहीं चला और

भाजपा गुजरात की सभी 26 सीटों पर जीत दर्ज करने में सफल हुई।

माना जा रहा है कि गुजरात में इस साल के अंत में होनेवाले नगर निगमों के चुनावों को देखते हुए कांग्रेस ने हार्दिक पटेल को प्रदेश कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है,

ताकि पाटीदार वोटरों को रिझा सके।

# शादी का झांसा देकर नाबालिग को भगा ले गया युवक, चलती बस में किया दुष्कर्म

क्रांति समय (सूरत)

सूरत, सूरत के सभोली क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की को प्रेम जाल में फांसने के बाद शादी का झांसा देकर युवक उसे भगा ले गया।




लड़की को महाराष्ट ले जा रहे युवक ने चलती बस में उसके साथ दुष्कर्म किया। रुपए खत्म होने पर युवक ने अपने दोस्त को फोन किया और दोस्त ने पुलिस को जानकारी दे दी।

जिसके आधार पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लियाद्य जानकारी के मुताबिक सूरत के सभोली में रहनेवाली कक्षा 12 की नाबालिग छात्रा उसी क्षेत्र रहनेवाले 21 वर्षीय युवक के साथ मिलकर टिकटॉक वीडियो बनाती थी। यह घटना उस समय की है जब टिकटॉक पर प्रतिबंध नहीं लगा था। उसी दौरान लड़की और युवक को प्यार हो गया।

प्रेम संबंध को एक महीना भी नहीं बिता था कि युवक किशोरी पर शादी करने का दबाव डालने लगा।

युवक के झांसे में फंसी किशोरी शादी के लिए तैयार हो गई और एक दिन उसके साथ घर से भाग निकली। युवक किशोरी को लेकर महाराष्ट्र अपने संबंधी के घर ले जा रहा था।

रास्ते में चलती बस में युवक ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। किशोरी को लेकर युवक जब महाराष्ट्र स्थित अपने संबंधी के घर पहुंचा तो लड़की के नाबालिग होने से घर में रखने से इंकार कर दिया। जिसके बाद युवक किशोरी के लेकर अलग अलग स्थानों पर घूमता रहा

और इस दौरान युवक ने कई दफा किशोरी के साथ शारीरिक संबंध बनाएद्य बाद में रुपए खत्म होने पर युवक ने अपने दोस्त को फोन कर मदद मांगी।

दोस्त को पता था कि उसके खिलाफ रपट दर्ज हो चुकी है, इसलिए उसने तुरंत पुलिस को युवक की जानकारी दे दी।

जिसके आधार पर पुलिस महाराष्ट्र पहुंच गई और युवक को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू की है।

# गुजरात में कोरोना के 872 नए केस, 10 की मौत, 502 लोग ठीक हुए

क्रांति समय (सूरत)

अहमदाबाद/सूरत, गुजरात में 872 नए केसों के साथ कोरोना का आंकड़ा 41 हजार के करीब पहुंच गया है।

राज्य में कोरोना से अब तक 2044 मरीजों की मौत हो चुकी है और 28685 लोगों को डिस्चार्ज किया जा चुका है।

पिछले 24 घंटों में राज्य में 10 मरीजों की कोरोना से मौत हुई है।

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटों में सूरत में कोरा. ना के 270 नए केस सामने आए हैं और 136 लोगों को डिस्चार्ज किया गया है,

जबकि 3 मरीजों की मौत हो गई।

अहमदाबाद में कोरोना के 178 केस दर्ज हुए और 126 लोग कोरोना को मात देकर ठीक हो गए और 4 मरीजों की कोरोना से मौत हुई है।

वहीं वडोदरा में कोरोना के 72, भावनगर में 49, राजकोट में 41, भरुच में 23, खेडा में 20,

मेहसाणा में 19, नवसारी में 17, वलसाड में 17, जूनागढ़ में 24, गांधीनगर में 28, बनासकांठा में 12, कच्छ में 10, सुरेन्द्रनगर में 10, जामनगर में 11, साबरकांठा में 9, आणंद में 8, गिर सोमनाथ में 8, मोरबी में 7, नर्मदा में 7, महीसागर में 6, पंचमहल में 5, पाटन में 5, अमरेली में 4, अरवल्ली में 4, दाहोद में 3, बोटाद में 2, छोटाउदेपुर में 1 और पोरबंदर में 1 समेत राज्य में पिछले 24 घंटों में 872 नए केस दर्ज हुए हैं

और 502 लोगों को डिस्चार्ज किया गया है।

इस दौरान अहमदाबाद में 4, सूरत में 3, दाहोद में 1, कच्छ में 1 और पाटन में 1 समेत कुल 10 मरीजों की कोरोना से मौत हुई है।

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक राज्य में अब तक 457066 टेस्ट किए गए हैं, जिसमें 40987 कोरोना पॉजिटिव केस सामने आए हैं। 40987 में 28685 लोग कोरोना को मात देकर ठीक हो चुके हैं और 2034 मरीजों की कोरोना से मौत हो चुकी है।

शेष 10308 में से 10235 की हालत स्थिर है और 73 मरीज वेन्टीलेटर पर हैं। आज की तारीख में राज्य के विभिन्न जिलों में 316774 लोग कोरन्टाइन हैं। जिसमें 313964 होम कोरन्टाइन में हैं और 2810 लोग फैसिलिटी कोरन्टाइन में हैं।

# सोमनाथ में मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर बिगड़ा, बदहाल सड़क से पहुंचे पोरबंदर एयरपोर्ट

अहमदाबाद (एजेसी) मुख्यमंत्री विजय रूपाणी सपत्नीक शुक्रवार को सोमनाथ गए थे। शनिवार की सुबह मुख्यमंत्री ने पत्नी अंजली रूपाणी के साथ भगवान सोमनाथ की पूजा-अर्चना की दोपहर गांधीनगर लौटने से पहले सोमनाथ में मुख्यमंत्री के हेलीकॉप्टर में खराबी आई गई। जिससे बाय रोड पोरबंदर एयरपोर्ट जाने का फैसला किया। मुख्यमंत्री की कारों का काफिला केशोद और दीव के बदहाल सड़कों से पोरबंदर की ओर रवाना हुआ। सड़कों की हालत इतनी खस्ताहाल थी कि बयां नहीं की जा सकती। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन को पहले से जानकारी होती कि मुख्यमंत्री यहां से गुजरने वाले हैं, तो सड़कें रातों रात तैयार की जाती।



बदहाल सड़कों को लेकर प्रशासन कितना निष्क्रिय है, यह आज मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने आज स्वयं अपनी आंखों से देख लिया। स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि जल्द ही बदहाल सड़कों की मरम्मत की जाएगी। गौरतलब है मुख्यमंत्री विजय रूपाणी अपनी पत्नी अंजली रूपाणी के साथ शुक्रवार को सोमनाथ गए थे।

जहां रात्रि विश्राम के बाद शनिवार की सुबह मुख्यमंत्री ने सपत्नीक भगवान सोमनाथ की भक्तिभाव से पूजा अर्चना की और गुजरात समेत विश्व को कोरोना महामारी से मुक्त करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर फाइनान्स बोर्ड के अध्यक्ष धनसुख भंडेरी, सांसद राजेश चूडास्मा, पूर्व मंत्री जशा बारड के अलावा नितिन भारद्वाज समेत कई नेताओं ने भी भगवान सोमनाथ के दर्शन किए।







स्वामी, मुद्रक व् प्रकाशक : सुरेश मौर्या द्वारा अष्ट विनायक ओफ़्सेट एफपी,149 प्लोट 26 खोडीयारनगर, सिद्धिविनायक मंदीर के पास , (भाटेना) हो.सो अंजना सुरत गुजरात से मुद्रित एवं 191 महादेव नगर उधना सुरत गुजरात से प्रकाशित संपादक :सुरेश मौया (M) 9879141480 RNI No.:GUJHIN/2018/751000 (Subject to Surat jurisdiction)